
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रिलीज तारीख भी आई ......

धुरंधर 2 के बाद ....

वर्ष : 12 | अंक : 96 | लखनऊ, 30 मार्च, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### देवबंद में होटल पर फायरिंग, तोड़फोड़



**सहारनपुर।** जिले के देवबंद में स्टेट हाइवे स्थित वीआईपी रोज होटल पर रविवार तड़के बाइक सवार युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग के दौरान होटल कर्मचारियों ने कमरों में छिपकर अपनी जान बचाई। गोलियां लगने से होटल के शीशे चकनाचूर हो गए।

### गाजियाबाद में ऑयल फैक्ट्री में आग का तांडव




**गाजियाबाद।** साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आजाद ऑयल एक्सपेलर फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में तेल, कच्चा माल और पैकिंग के गत्ते बड़ी मात्रा में रखे होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से दिखाई दे रहा था।

### आद्रा रेलमंडल की 6 ट्रेनें 5 अप्रैल तक रद्द



**चक्रधरपुर।** आद्रा रेल मंडल में 31 मार्च से लेकर 5 अप्रैल तक रेल प्रशासन रोलिंग ब्लॉक लेकर रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य करेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने 6 ट्रेनों का परिचालन विभिन्न तिथियों में रद्द करने की घोषणा कर दी है। रेलवे ने 2 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन कर चलाने का फैसला किया है।

### अल्मोड़ा में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 2 युवकों की मौत



**अल्मोड़ा।** तहसील देघाट के ग्राम चिन्तोली में रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम प्रहरी चंदन सिंह ने घटना की सूचना थाना देघाट को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

कांग्रेस दुष्प्रचार कर जान खतरे में डाल रही

# हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा, लोग अफवाहों से बचें और संयम बनाए रखें

### इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' और प्रेरक प्रयासों का जिक्र भी किया

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस एपिसोड की शुरुआत में मिडिल ईस्ट तनाव और ऊर्जा संकट का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान ऊर्जा संकट की स्थिति में भारत डटकर इसका मुकाबला कर रहा है।पीएम मोदी ने कहा हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया एक नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी। लेकिन वर्तमान काल में दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थिति बनती चली गई है। हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। खाड़ी देशों का आभार जताते हुए कहा कि हमारे लाखों परिवारों के सगे- संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं गल्फ देशों का आभारी हूं कि वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है।




### इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए

पीएम मोदी ने बताया कि भारत ऊर्जा संकट का मुकाबला कर रहा है। उन्होंने देश के लोगों से एकजुटता की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में जो देश का सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। यह चुनौतीपूर्ण समय है। सभी देशवासियों से आग्रह करूंगा कि एकजुट होकर उस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। यह देश का सवाल है।

### लोगों के जज्बे को सराहा

मोदी ने वाराणसी में हुए एक प्रेरक प्रयास का जिक्र किया। वहां सिर्फ एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाए गए और इस प्रयास ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस काम की सबसे खास बात यह थी कि हजारों लोग एक साथ जुड़े। छात्र, जवान, स्वयंसेवी संगठन और विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर इसे संभव बनाया। यह जनभागीदारी का स्वरूप पहले से ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में दिखाई देता है। इस अभियान के तहत पूरे देश में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं।

### शुगर और तेल का इस्तेमाल कम करें

प्रधानमंत्री ने कहा, जीवनशैली और खानपान में थोड़ा बदलाव करने से कई बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है।खाने में शुगर व तेल की कटौती और रोजाना व्यायाम सबसे अहम है। पीएममोदी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

### साइंस एजुकेशन में नवाचार को सराहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पुरानी कहावत है 'करत करत अभ्यास के, जड़मत होत सुजान' यानी हम जब निरंतर अभ्यास करते हैं तो उतनी ही ज्यादा बुद्धिमत्ता हासिल करते जाते हैं। लोग भी सबसे बेहतर तब सीखते हैं जब उनकी सक्रिय भागीदारी होती है। उन्होंने बताया कि उन्हें बेंगलुरु में शिक्षा से जुड़े एक अनोखे प्रयास के बारे में जानकारी मिली है। यहां एक टीम प्रयोग शिक्षा अनुसंधान संस्थान चला रही है। इस टीम का रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर विशेष फोकस है। यह टीम स्कूल लेवल पर साइंस एजुकेशन को पॉपुलर बनाने में जुटी है। उन्होंने 'अन्वेषण' नाम का एक प्रयोग किया है।

### जल संरक्षण पर भी दिया जोर

पीएम मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 'जल संचय अभियान' ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है। इस अभियान के तहत करीब 50 लाख कृत्रिम जल संचयन संरचना बनाए गए हैं।कई स्थानों पर पुराने तालाबों की सफाई की जा रही है और बरसात के पानी को सहेजने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने बताया कि अमृत सरोवर अभियान के तहत देशभर में लगभग 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि त्रिपुरा की जंपुई पहाड़ियों में स्थित वांगमुन गांव 3000 फीट की ऊंचाई पर बसा है। गांव वालों ने बारिश के पानी को सहेजने का संकल्प लिया।

### फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान दें, दुआ को किया याद

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। अफ्रीका के जिबूती में अल्मिस जी अरविंद योग सेंटर के माध्यम से योग को बढ़ावा दे रहे हैं। वे लोगों को योग सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ की पोस्ट पर उनके पिता के शुगर सेवन को कम करने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

## तेलंगाना विधानसभा में हंगामा

# बीआरएस के 24 विधायक दो दिन के लिए निलंबित



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तेलंगाना विधानसभा में सोमवार को भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही में लगातार बाधा डालने और हंगामा करने के आरोप में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 24 विधायकों को दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस निलंबन के बाद विपक्षी दल ने सरकार पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया है।

### भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप पर भिड़े

पूरे विवाद की जड़ सूबे के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी पर लगे कथित भ्रष्टाचार और अवैध खनन के आरोप हैं। सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू हुई। मुख्य विपक्षी दल बीआरएस के विधायक इस मुद्दे को लेकर आक्रामक हो गए। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि इन आरोपों की जांच के लिए 'हाउस कमेटी' बनाई जाए। विपक्षी दल ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाने की भी कोशिश की। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

## लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसे

# 2 मां और 2 बच्चों की मौत चारों को ट्रकों ने कुचल दिया



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए 2दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल 4लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।


### डीसीएम ने ईरिक्शा में टक्कर मारी

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत 5 लोग घायल हो गए। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे।

## सरकार का दावा-उपलब्धता में हो रहा सुधार

# देश में 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने छोड़ा एलपीजी का कनेक्शन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



करीब 6,000 पीएनजी ग्राहकों ने एलपीजी कनेक्शन को छोड़ दिया है। इससे उन लोगों के लिए एलपीजी उपलब्धता में सुधार होगा, जिनके घरों के आसपास पीएनजी की सुविधा नहीं है। यह जानकारी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल ने 'एक्स' पर दी। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि शुक्रवार तक लगभग 6000 पीएनजी उपभोक्ताओं ने अपना एलपीजी कनेक्शन छोड़ दिया। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद! सभी नागरिकों के इस मजबूत और साहसी समूह में शामिल हों, जिन्होंने बिना पीएनजी वाले लोगों को एलपीजी दिलाने में मदद करने के लिए एलपीजी कनेक्शन का उपयोग बंद कर दिया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी एलपीजी छोड़ने का आग्रह किया जिनके पास पीएनजी कनेक्शन हैं।

# मोदी-योगी पर हमला, सपा पेंशन योजना फिर शुरू करने का वादा, ग्रेटर नोएडा के दादरी में सपा रैली में गरजे अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

नोएडाः समाजवादी पार्टी आज ग्रेटर नोएडा के दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा रैली' आयोजित कर रही है, जिसे वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव अभियान की शुरूआत माना जा रहा है।रैली को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर प्रहार किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का जवाब दिया। मोदी ने कहा था कि अंधविश्वास के कारण पुरानी सरकारों के मुख्यमंत्री नोएडा आने से डरते थे। अखिलेश ने पीएम मोदी और सीएम योगी का नाम लिए बिना कहा कि कल कुछ लोग नोएडा आए थे, जो बोलते हुए चले गए कि 'हम नोएडा नहीं आते'। मैं इस



मंच से दोनों को बता दूं कि जितनी चाय उन्होंने मिलकर नहीं पी होगी, उससे कहीं ज्यादा बार मैं यहां अपने कार्यकताओं के घर पहुंचा हूं। अखिलेश यादव ने रैली में आश्वासन दिया कि भविष्य में 1090 सेवा को और सशक्त बनाकर अपनी बहनों को मजबूत सुरक्षा प्रदान करेंगे। समाजवादी पेंशन योजना पुनः आरंभ करेंगे। साथ ही गरीब माताओं और बहनों के लिए प्रतिवर्ष 40 हजार रुपये देकर उनका सम्मान बढ़ाने का कार्य करेंगे।

### किसानों के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा- अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने ग्रेटर नोएडा के दादरी में आयोजित रैली में भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास 9 वर्षों का कोई हिसाब नहीं है, इसलिए उन्होंने आधे-अधूरे सिरे पर ही उद्घाटन कर दिया। अखिलेश ने दावा किया कि इस प्रोजेक्ट के लिए एनओसी प्राप्त करने का कार्य समाजवादी पार्टी ने ही किया था। साथ ही उन्होंने किसानों के प्रति भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि फिलहाल तो सिर्फ एक चरण का उद्घाटन हुआ है। आगे कई और चरणों का उद्घाटन बाकी है और हमारा वचन है कि किसानों के साथ जमीन अधिग्रहण में कोई भेदभाव नहीं होगा।

### 'उत्तर प्रदेश के साथ दिल्ली से भी भाजपा की विदाई निश्चित है'

अखिलेश यादव ने कहा कि भविष्य में जो भी चरण विकसित होंगे, यदि किसान भाइयों की जमीन ली जाएगी तो उसे बाजार मूल्य पर ही खरीदा जाएगा। हम 64 प्रतिशत मुआवजा देंगे और 4 प्रतिशत प्लॉट की सुविधा भी प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि कल की रैली की सच्चाई हमारे कई साथियों ने उजागर कर दी है। कोई कैमरे की नजर से बच नहीं सकता। जो पार्टी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी बताती है, उसे सरकारी कर्मचारियों का सहारा लेना पड़ा।

## मौसम विभाग ने कई राज्यों को चेतावनी दी

# उत्तराखंड और पहाड़ी राज्यों में गिरेगी बर्फ-बारिश भी होगी, गरज-चमक के साथ ओले भी गिरेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर पश्चिम भारत में अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसमें सोमवार को सबसे ज्यादा बारिश होगी। कश्मीर घाटी में बर्फबारी भी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भारत औरमध्य भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस हफ्ते के दौरान उत्तर पूर्वी और उससे सटे पूर्वी भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं से लेकर काफी बड़े इलाके में बारिश होने की संभावना है। एक अप्रैल के बीच उत्तर पूर्वी भारत में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस हफ्ते के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

### 4 अप्रैल तक मौसम में रहेगा बदलाव

उत्तर पश्चिम भारत में 2 और 3 अप्रैल को जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तन, मुजफ्फराबाद में, 30 मार्च और फिर 3 और 4 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में, 29-31 मार्च को उत्तराखंड में, काफी बड़े इलाके से लेकर बड़े इलाके तक हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है। हिमाचल के कुल्लू और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में रविवार को एक बार फिर बर्फबारी हुई, व मध्य और निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई।

### अकोला रहा सबसे गर्म

महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, आंतरिक ओडिशा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, दक्षिणी मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर, राजस्थान, गुजरात क्षेत्र, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दक्षिणी केरल के कुछ स्थानों पर और राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, केरल में अधिकतम तापमान सीमा में रहा। अधिकतम तापमान 41.2 अकोला में दर्ज किया गया।

## हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े जटिल समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर काम किया गया

# भारतीय नौसेना की मेजबानी में आईओएनएस समुद्री अभ्यास हुआ.... 16 देशों ने भाग लिया

अभ्यास में बांग्लादेश, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया और तिमोर-लेस्ते के देशों ने भाग लिया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय नौसेना ने 27 मार्च 2026 को कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान के मैरीटाइम वारफेयर सेंटर में आईओएनएस मैरीटाइम एक्सरसाइज (आईएमईएक्स) टेबल-टॉप एक्सरसाइज (टीटीएक्स) 2026 का आयोजन किया। इस उच्च स्तरीय बैठक में हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) से जुड़े देशों की नौसेनाओं के प्रतिनिधि, आईओएस सागर के अंतरराष्ट्रीय अधिकारी और भारतीय नौसेना के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान हिंद



नौसैनिकों का समूह फोटो

महासागर क्षेत्र में उभर रही गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस अभ्यास में बांग्लादेश, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया और तिमोर-लेस्ते के देशों ने भाग लिया। यह विविध बहुराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व पूरे क्षेत्र में आपसी विश्वास को बढ़ावा देने और सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सोलह वर्षों के अंतराल के बाद भारत द्वारा 2026-2028 चक्र के लिए आईओएनएस की अध्यक्षता ग्रहण करने के साथ, आईएमईएक्स टीटीएक्स 2026 क्षेत्रीय समुद्री नेतृत्व को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### अलग-अलग संभावित परिस्थितियों का अभ्यास

*इस अभ्यास में बिना वास्तविक तैनाती के अलग-अलग संभावित परिस्थितियों का अभ्यास किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पेशेवर आदान-प्रदान के नए रास्ते तलाशने और आपसी विश्वास को गहरा करने में सक्षम बनाया। आईएमईएक्स टीटीएक्स 2026 ने फिर साबित किया कि आईओएनएस रचनात्मक संवाद, सामूहिक जिम्मेदारी और समुद्री चुनौतियों के क्षेत्रीय रूप से संचालित समाधानों के माध्यम से सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस अभ्यास से प्राप्त जानकारियों से आईओएनएस ढांचे को और मजबूत करने की उम्मीद है, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में एक सुसंगत, उत्तरदायी और स्थिर समुद्री व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।*

## संक्षेप

### गोमती तट पर चला स्वच्छता अभियान

लखनऊ। राम नवमी के बाद गोमती नदी के घाटों पर पूजा सामग्री एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों के विसर्जन से उत्पन्न कचरे को हटाने के लिए स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 20 कुंतल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियों को नदी से बाहर निकालकर निस्तारण के लिए नगर निगम को सौंपा गया। प्रातः 5:30 बजे हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क गोमती नदी तट पर संगठन की ओर से410वें रविवार को यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में प्रीति जैन, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार, ललित कश्यप, आनंद वर्मा, पवन, विवेक जोशी, शैलेन्द्र सिन्हा, कमलेश चौधरी, महेंद्र प्रताप सिंह, रिंकू सिंह, अजय जोशी, परमेश जोशी, प्रवेश यादव, राजेश जोशी, जे.पी. यादव, सुमित कश्यप, राकेश सोनकर, पंकज तिवारी, वीरेंद्र जोशी, नवीन शुक्ला, हिमांशु कश्यप, प्रेम नारायण द्विवेदी, जे.पी. गुप्ता सहित अनेक कार्यकताओं ने लगभग दो घंटे तक श्रमदान किया।

### ईद व होली मिलन समारोह का आयोजन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, गणेशगंज नाका बाजार इकाई के तत्वावधान में शनिवार देर शाम होली व ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन नाका चौराहा पर स्थित एक होटल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संगठन के अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर संजय गुप्ता ने कहा कि होली का त्यौहार अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देता है तथा ईद 30 दिन तक मुस्लिम भाइयों के रोजा रखने पर अल्लाह की तरफ से इनाम है। उन्होंने कहा दोनों ही त्यौहार एकता एवं भाईचारे का संदेश देते हैं। समाज में एकता और भाईचारा बढ़ने से सभी वर्गों की तरक्की होगी। उन्होंने सभी से एकजुट होकर संगठन को समाज को एवं देश को प्रगति के रास्ते पर ले चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल गणेशगंज नाका बाजार इकाई के पदाधिकारियो को लखनऊ गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

# हनुमान जन्मोत्सव 2 को, घरों व मंदिरों में होगी विशेष पूजा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। चैत्र माह में चैत्र नवरात्रि, रामनवमी के अलावा हनुमान जयंती जैसे बड़े पर्व आते हैं। लेकिन आज हम हनुमान जन्मोत्सव की बात करें, जिसका हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव भी कहा जाता है, जो हर साल चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाई जाती है। इस दिन बजरंगबली की पूजा पूरे विधि-विधान से की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक अगर इस दिन सच्चे मन और श्रद्धा से बजरंगबली की पूजा की जाए, तो साधक के जीवन की हर दुखों का अंत हो जाता है। साथ ही भूत पिशाच का भी भय नहीं रहता है। साथ ही इस दिन लोग कई तरह के उपाय भी करते हैं। इस साल हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल 2026 को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, चैत्र पूर्णिमा तिथि 1 अप्रैल 2026 को सुबह 7:06 बजे से शुरू हो रही है और यह 2 अप्रैल 2026 को सुबह 7:41 बजे तक रहेगी। हिंदू धर्म में किसी भी व्रत और त्योहार को मनाने के लिए उदया तिथि को ज्यादा महत्व दिया जाता है। उदयातिथि के मुताबिक हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस दिन हनुमान मंदिर में बजरंगबली के भक्तों की भीड़ देखी जाती है। हनुमान जन्मोत्सव का महत्वः भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी को संकटमोचन कहा जाता है। वे शक्ति, भक्ति और अटूट विश्वास के प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उनकी पूजा करने से भय, नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों का नाश होता है। इस दिन हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, और हनुमान अष्टक का पाठ विशेष फलदायी माना जाता है। साथ ही इस दिन भगवान राम और माता सीता की भी आराधना करनी चाहिए, क्योंकि बिना श्रीराम की पूजा के हनुमान जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। साल में दो बार मनाया जाता है हनुमान जन्मोत्सवः हर साल हनुमान जी का जन्मदिन दो बार मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, एक बार कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को, जिसे हनुमान जन्मोत्सव कहते हैं। दूसरी बार चैत्र महीने की पूर्णिमा को, जिसे हनुमान जयंती कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक पहली जयंती उनके जन्म से जुड़ी हुई है और दूसरी जयंती उन्हें अमरता प्राप्त होने की कथा से जुड़ी हुई है। बजरंगबली को चढ़ायें चोलाः हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना शुभ माना जाता है। इसके बाद साफ वस्त्र पहनकर श्रद्धा के साथ बजरंगबली को सिंदूर और चमेली के तेल से चोला चढ़ाना चाहिए। इससे बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पान का भोग लगायेंः हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को पान अर्पित करना शुभ माना जाता है। इसे चढ़ाने से शत्रु बाधाएं दूर होती हैं और कार्य में सफलता प्राप्त होती है। यह भोग विशेष रूप से मंगलवार और हनुमान जन्मोत्सव के दिन चढ़ाना अत्यंत फलदायी होता है। जनेऊ अर्पित करेंः हनुमानजी अपने कांधे पर जनेऊ धारण करते है। दुर्भाग्य से मुक्ति हेतु हनुमान जी को जंयती पर जनेऊ चढ़ाई जाती है। जनेऊ को यज्ञोपवीत भी कहते हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर क्या करें ?: इस पावन दिन व्रत रखें। आप अपनी क्षमता के अनुसार फलाहार या केवल जल लेकर भी व्रत कर सकते हैं। मंदिर जाकर हनुमान जी को लाल ध्वज (झंडा) चढ़ाएं और बंदरों को भोजन कराना भी शुभ माना जाता है। जरूरतमंद लोगों की मदद करें–उन्हें भोजन, कपड़े या अन्य आवश्यक वस्तुएं दान करें। दिनभर में ॐ हं हनुमते नमः या ॐ रामदूताय विद्महे मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप करें। घर में हनुमान जी की प्रतिमा या चित्र के सामने घी का दीपक जलाकर पूजा करें। हनुमान जी की पूजा का पूर्ण फल पाने के लिए उनके आराध्य प्रभु श्री राम की भी विशेष पूजा और उनके मंत्र का जप करें। हनुमान जन्मोत्सव की पूजा विधिः हनुमान जन्मोत्सव के दिन साधक को सूर्योदय से पहले उठकर तन और मन से पवित्र होना चाहिए।

### तैयारी बस निकलने से पहले होगी पुख्ता जांच

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। परिवहन विभाग में सुरक्षा को लेकर सावधानी रखने के लिए प्रबंधन ने बसो को जांच के लिए टीम बनाने का फैसला किया है। रोडवेज बस में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से बसों की जांच करने के आदेश एमडी ने दिए हैं। एमडी ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को आदेश दिया है कि बस डिपो से निकलने के दौरान 17 बिंदुओं पर बसों की जांच जरूरी है, ताकि बस और यात्री दोनों सुरक्षित रहें। बसों की जांच में साफ-सफाई, स्पीड लिमिट डिवाइस, टायर, लाइट, वाइपर, रिफ्लेक्टर, खिड़कियों पर शीशा आदि की जांच के बाद बाद ही बसें डिपो से मार्ग पर रवाना होंगी। इस संबंध में परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक ने क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और डिपो के फोरमैन को सप्ताह में अलग-अलग दिन बसों के जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा, तीन गिरफ्तार




पुलिस की गिरफ्त में दो आरोपी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए रविवार को तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को उनके घरों से दबोचकर न्यायालय में पेश किया।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि न्यायालय, लखनऊ की ओर से विभिन्न मामलों में वारंट जारी किए गए थे। इनकी तामील के लिए पुलिस टीम लगातार अभियान चला रही थी। इसी अभियान के तहत पुलिस ने दबिश देकर ग्राम दिलावरनगर निवासी मोहित (18) और भानु उर्फ भवानी प्रताप सिंह (23) तथा ग्राम बेरहिया निवासी रामविलास (68) को घरों से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक तीनों अभियुक्त लंबे समय से वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

# डॉक्टर अपॉइंटमेंट के नाम पर साइबर ठगी, 5 रुपये के बहाने खाते से 41 हजार उड़ाए



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने एक युवक को शातिर तरीके से ठगी का शिकार बना लिया। डॉक्टर से अपॉइंटमेंट बुक कराने के नाम पर महज 5 रुपये का ट्रांजैक्शन कराकर जालसाजों ने उसके खाते से 41 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घुसौली निवासी राज कपूर ने बताया कि रविवार दोपहर वह इलाज के लिए डॉक्टर की अपॉइंटमेंट बुक कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इंटरनेट पर एक मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को संबंधित सेवा से जुड़ा बताते हुए भरोसा दिलाया। जालसाज ने अपॉइंटमेंट कन्फर्म करने के नाम पर गूगल पे यूपीआई के जरिए मात्र 5 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। भरोसे में आकर युवक ने बताए अनुसार भुगतान कर दिया। इसके कुछ ही देर बाद उसके खाते से अगले दूसरे ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 41 हजार रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर लगातार आ रहे मैसेज देखकर युवक के होश उड़ गए और उसे ठगी का एहसास हुआ। घटना के बाद उसने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज : पंकज चौधरी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज था। जनता ने 2017 में सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को चुनने और सपा को रिजेक्ट करने को तैयार बैठी है। श्री चौधरी ने कहा कि पी डी ए के नाम पर अखिलेश यादव सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक धोखे का नया पैकेज बेच रहे हैं। जो पार्टी वर्षों तक सत्ता में रहकर गरीब, पिछड़े, दलित, किसान और नौजवान को केवल वोट बैंक समझती रही, वह आज खुद को पीड़ितों की सबसे बड़ी हितैषी बताने का नाटक कर रही है। सच्चाई यह है कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा कुछ परिवारों, कुछ चेहरों और कुछ खास वर्गों के हित को ही प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर समाजवादी पार्टी श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश की जनता सच्चाई जानती है। यदि समाजवादी पार्टी इतनी ही विकासवादी होती तो उसके शासनकाल में उत्तर प्रदेश निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था में पिछड़ा क्यों रहा ? उन्होंने ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ संकल्प का परिणाम है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े विकास इंजन के रूप में स्थापित किया है। सपा के लोग केवल फाइलों में सपने दिखाते थे, भाजपा सरकार जमीन पर परियोजनाएं उतारती है। श्री पंकज चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर सपा का बयान सुनकर प्रदेश की माताएं-बहनें आश्चर्यचकित हैं। जिस पार्टी के शासनकाल को जनता



गुंडाराज, छेड़खानी, दंगों, माफियावाद और अपराध के खुले संरक्षण के रूप में याद करती है, वह आज 1090 और महिला सम्मान की बात कर रही है। भाजपा सरकार ने मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक न्याय, पुलिस भर्ती और सख्त कानून व्यवस्था के जरिए महिलाओं को सुरक्षित वातावरण दिया है। सपा के शासन में बेटी घर से निकलने से डरती थी, भाजपा के शासन में बेटी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार और पेपर लीक पर अखिलेश यादव का बयान भी पूरी तरह पाखंड है। सपा सरकार के दौरान भर्ती प्रक्रियाएं भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार का प्रतीक थीं। भाजपा सरकार ने पारदर्शी भर्ती, निवेश, उद्योग, स्टार्टअप, एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और डिजिटल इकोनॉमी के जरिए लाखों रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तैयार किए हैं। जब प्रदेश बदल रहा है, तब सपा को अपना झूठ ही सहारा दिख रहा है। संविधान और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वालों को जवाब देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा ही वह दल है जिसने बाबा साहब के विचारों को सम्मानपूर्वक जन-जन तक पहुंचाया, उनके पंचतीर्थ विकसित किए और वंचित समाज को अधिकार, सम्मान और अवसर देने का काम किया। संविधान बदलने का झूठा भय दिखाना सपा की पुरानी राजनीति है। भाजपा संविधान की मयार्दा, लोकतंत्र की गरिमा और सामाजिक समरसता की सबसे मजबूत पक्षधर है। श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव समाज को 5% और 95% में बांटकर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। भाजपा का स्पष्ट मत है कि उत्तर प्रदेश जातीय टकराव नहीं, सामाजिक समरसता, सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। सपा का एजेंडा समाज को तोड़ना है, भाजपा का संकल्प समाज को जोड़ना है। उन्होंने अखिलेश यादव के ह्लए टीएम ह्व, ह्लजुमलाह्व और ह्लझूठह्व जैसे बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिनके शासनकाल में भ्रष्टाचार, भूमि घोटाले, भर्ती घोटाले, गुंडागर्दी और संरक्षणवाद का ₹ ए टी एम ₹ चौबीसों घंटे चलता था, उन्हें नैतिकता पर भाषण देने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। जनता सब जानती है कि किसने प्रदेश को अराजकता दी और किसने कानून का राज स्थापित किया।

श्री पंकज चौधरी ने कहा कि 2027 का उत्तर प्रदेश जातीय उकसावे, झूठे वादों और परिवारवादी राजनीति से नहीं, विकास, सुशासन, सुरक्षा, गरीब कल्याण और राष्ट्रवाद के आधार पर फैसला करेगा। जनता का भरोसा केवल भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर है।

# नेशनल हाईवे के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण में किसानों का कम मुआवजा देने का आरोप

### मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उचित मुआवजा दिलाने की करी मांग

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील के मकदूमपुर कैथी निवासी किसानों ने नेशनल हाईवे के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा दिए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में गांव के अवधेश कुमार, अजय कुमार, मोहित कुमार, रामकिशोर, कुलदीप कुमार, गुरु प्रसाद, राम आसरे, शिवपाल, अभिषेक, भोगनाथ, सियाराम और लालता प्रसाद सहित अन्य किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा अधिग्रहित भूमि का सर्किल रेट करीब 35 लाख रुपये प्रति बीघा बताया गया है, जो वर्तमान बाजार मूल्य की तुलना में काफी कम है। ग्रामीणोंका कहना है कि क्षेत्र में जमीन की वास्तविक कीमत एक करोड़ रुपये प्रति बीघा से अधिक है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें कम से कम डेढ़ करोड़ रुपये प्रति बीघा की दर से मुआवजा दिया जाए या फिर जमीन के बदले जमीन उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने यह भी तर्क दिया कि पूर्व में किसान पथ और आउटर रिंग रोड परियोजनाओं के दौरान अधिक मुआवजा और पेड़ों व अन्य संसाधनों का अलग से भुगतान किया गया था। किसानों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित मुआवजा दिलाया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# होली-ईद मिलन समारोह में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, फूलों की होली ने बांधा समां

**अमन लेखनी समाचार**

गोसाईगंज। स्थित आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय पर होली व ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली, जहां सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर एक-दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह में पारंपरिक व्यंजनों का विशेष इंतजाम किया गया था, जिसमें गुजिया, पापड़ और सेवई प्रमुख रूप से शामिल रहे। वहीं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही, जिसमें करीब दो कुंतल गुलाब और गेंदे के फूलों से जमकर होली खेली गई। रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू और उत्साह ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में मोहनलालगंज



विधानसभा के पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान सहित संगठन के कई पदाधिकारी, पत्रकारगण और क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली और ईद की बधाई दी। पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर ने कहा कि भारत की असली पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब है, जहां सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में एकता, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को भी आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन हमेशा समाज में सकारात्मक माहौल बनाने और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हम भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और एकता व भाईचारे के इस संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# सम्राट अशोक की जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। विकासखंड मलिहाबाद के ग्राम नई बस्ती धनेवा में महान सम्राट अशोक मौर्य की 2330वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर समता, समानता और भाईचारे के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सम्राट अशोक के जीवन और उनके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारत का महान एवं दूरदर्शी शासक बताया। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने अद्वितीय नेतृत्व और पराक्रम के बल पर न केवल विशाल साम्राज्य की स्थापना की, बल्कि भारत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। वक्ताओं ने कलिंग युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इस युद्ध के बाद सम्राट अशोक के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया। उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाया और बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में



अपना जीवन समर्पित कर दिया। धम्म के जरिए उन्होंने शांति, करुणा और मानवता का संदेश समाज तक पहुंचाया। कार्यक्रम में मौजूद धम्मगुरु भंते कमलशील, भंते शीलरतन, भंते आनंद जिज्ञासु सहित अन्य संतों ने लोगों को आपसी सद्भाव, समानता और बंधुत्व का संदेश दिया। मुख्य अतिथि गंगाराम अंबेडकर (पूर्व ओएसडी, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए बच्चों को अच्छी और उच्च शिक्षा देना बेहद जरूरी है। आयोजन की अध्यक्षता शीतल प्रसाद मौर्य ने की। इस मौके पर राकेश वर्मा (अध्यक्ष, राहुल बुद्ध विहार), अशोक बौद्ध (उपाध्यक्ष), कालीचरण मौर्य (महामंत्री), रामदत्त मौर्य (सचिव), जे.पी. बौद्ध, देवेंद्र कुमार भारती, अवनीश कुमार भारती, बौद्ध, शांति बौद्ध, संत प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, संतोष मौर्य, रंजीत मौर्य, प्यारे लाल मौर्य, अविनाश तूफानी, राम प्रहलाद मौर्य, मिंटू मौर्य, विजय मौर्य (प्रधान), भगवत प्रसाद मौर्य, सरोज मौर्य, मास्टर शिवलाल, ज्ञानेंद्र मौर्य, विनोद कुमार, सोनीश मौर्य, पारस मौर्य, प्रदीप मौर्य पत्रकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिला से मंगलसूत्र लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार




**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर क्षेत्र में बीते दिनों महिला के साथ हुई मंगलसूत्र लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का आरोपी के कब्जे से लूटा गया माल भी बरामद हुआ है। बिजनौर पुलिस के मुताबिक न्यू गुडौरा निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी माँ अंजू यादव 1 मार्च 2026 की रात करीब 8:00 बजे बाजार से सब्जी लेकर पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान न्यू गुड़ौरा स्थित भारत पेट्रोलियम के पीछे वाली सड़क पर एक अज्ञात युवक ने उनका मंगलसूत्र झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरा और मुखबिर के जरिए जांच की जा रही थी। तभी शनिवार 28 मार्च 2026 की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभिषेक रावत उर्फ नाटिया (22) निवासी छुआरा खेड़ा, न्यू गुडौरा को मनीष यादव गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से लूटा गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कृष्णानगर स्थित एक तेल कंपनी में कार्य करता है और राहगीरों की रेकी कर अंधेरे का फायदा उठाकर छिनैती की वारदात को अंजाम देता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है।

# फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से अन्य कार सवार महिला घायल, रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से एक अन्य कार सवार महिला घायल हो गई। पीड़िता ने इस मामले में सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा नगर के शिवनगर खदरा निवासी रिद्धिमा गुप्ता के मुताबिक वह अपने पति दिलीप कुमार के साथ 25 मार्च की रात करीब 10:30 बजे कानपुर से लखनऊ लौट रही थीं। इसी दौरान अमौसी एयरपोर्ट के पास फ्लाईओवर पर चढ़ने से पहले पीछे से आ रही एक फारच्यूनर कार (यूपी32 एलएक्स4141) ने उनकी कार में तेज गति से टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद भी फॉर्च्यूनर कार का चालक नहीं रुका और उसने दोबारा बाईं ओर से उनकी कार में जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद आरोपी चालक तेजी से अपना वाहन लेकर भागा, लेकिन आगे जाकर उसकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस घटना में रिद्धिमा गुप्ता के जबड़े में गंभीर चोट आई है, जिसमें पांच टांके लगे हैं, जबकि उनके पति के हाथ में भी चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# वृन्दावन योजना में सत्य संस्कारशाला का आयोजन, बच्चों को दिए नैतिकता के पाठ

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रविवार को वृन्दावन योजना सेक्टर 6इ-314 में सत्य संस्कारशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में खेल और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सत्य के मार्ग पर चलने, ईमानदारी अपनाने और सही निर्णय लेने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री शालिनी भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में हर परिस्थिति में विवेक के साथ



निर्णय लेना चाहिए और निर्भय होकर सच का साथ देना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के नैतिक विकास के लिए उपयोगी बताया। संस्थान की ओर से बताया गया कि ऐसी संस्कारशालाएं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, ताकि बच्चों में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का विकास हो सके।

## संक्षेप

### दस गेहूं क्रय केंद्र शुरू, किसानों को मिलेगा उचित मूल्य और राहत

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सफीपुर और फतेहपुर चौरासी विकास खंड क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। क्षेत्र अंतर्गत बी-पैक्स गढ़ी सफीपुर, छूही, देवगांव, नौबतपुर, अहाता, जसरा, महरूफपुर, जाजामऊ सहित कुल 10 गेहूं क्रय केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इन केंद्रों के खुलने से अब किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर गेहूं की खरीद किए जाने से किसानों को उनकी फसल का उचित दाम मिल सकेगा। पहले जहां किसानों को बिचौलियों के माध्यम से कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं अब सीधे क्रय केंद्रों पर बिक्री कर उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा। स्थानीय किसानों का कहना है कि क्रय केंद्रों की व्यवस्था से न केवल समय की बचत होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। इससे किसानों का भरोसा सरकारी व्यवस्थाओं पर मजबूत होगा और उन्हें अपनी मेहनत का सही मूल्य मिल पाएगा। प्रशासन की ओर से भी यह दावा किया गया है कि सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराएं और निर्धारित मानकों के अनुसार अपनी उपज की बिक्री करें।

### किशोरी हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार की दोपहर सत्रह साल की नाबालिक पुत्री बिना बताए घर से चली गयी और अपने साथ तीस हजार रुपये की नगदी और चांदी का आभूषण ले गयी शाम को बेटी के मोबाइल फोन पर बात हुई जिसके बाद उसने मोबाइल बंद कर लिया तब से उसका पता नहीं चल रहा है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला घायल

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि दही थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर निवासी अनीश अपनी पत्नी प्रीति के साथ बाइक से कुसुंभी गांव स्थित कुशहरी देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही वे अजगैन बाजार मोड़ के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही प्रीति सड़क पर गिरकर घायल हो गईं, जबकि अनीश को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध नियंत्रण की समीक्षा के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जय प्रकाश सिंह ने गोष्ठी की अध्यक्षता की, जिसमें पुलिस प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी और थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। एसएसपी ने विवेचना में लापरवाही बरतने वाले थानेदारों को सख्त अल्टीमेटम दिया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, पुलिस कार्यालय और विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान जिले के सभी थानों में दर्ज अभियोगों की विस्तार से समीक्षा की गई। गंभीर अपराधों से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने अधिकारियों को वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शातिर एवं अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई करने और संगठित अपराधियों व माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट व राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कठोर कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया। गोष्ठी में जनशिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। एसएसपी ने कहा कि



आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा किया जाए और आवेदकों से स्वयं बात कर फीडबैक लिया जाए, ताकि शिकायतों के समाधान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। इसके अतिरिक्त, अवैध शराब, अवैध शस्त्र, जुआ और मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में प्रभावी पैरवी कर आरोपियों को अधिकतम सजा दिलाने पर भी बल दिया गया। एसएसपी ने चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने तथा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। जमीनी विवादों को लेकर राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर सतर्क निगरानी रखने और समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया। बैठक के दौरान पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सक्रियता और सतर्कता का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। गोष्ठी के अंत में एसएसपी ने सभी अधिकारियों को जनविश्वास बनाए रखते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी पुलिसिंग करने पर जोर दिया।

# ओवरलोडिंग वाहन की जांच कर रही एआरटीओ से ट्रक चालक ने की अभद्रता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। महिला एआरटीओ प्रतिभा गौतम को ट्रक ड्राइवर ने वह धमकी उस समय दी, जब वे उसे गाड़ी में खींचकर जबरन बैठाने लगीं। दरअसल, शनिवार देर रात एआरटीओ टीम ओवरलोडिंग की जांच कर रही थी। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर दही थाना क्षेत्र में टीम ने पांच गाड़ियों को पकड़कर धर्मकांटा पर जांच के लिए लाया, लेकिन सबसे आगे खड़े ट्रक का जीपीएस लॉक हो जाने के कारण पीछे खड़े अन्य ट्रक भी फंस गए। देरी होने की बात कहकर एक ट्रक ड्राइवर हंगामा करने लगा। जांच टीम में शामिल सिपाही की ट्रक ड्राइवर से कहासुनी हो गई। आरोप है कि प्रवर्तन टीम के एक सिपाही ने ड्राइवर का कॉलर पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। हंगामा बढ़ता देख महिला एआरटीओ गाड़ी से उतर गईं। बताया जा रहा है कि सिपाही को रोकने के बजाय वे खुद भी चालक को धक्का देने लगीं। उस पर शराब पीने का आरोप लगाते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठाने लगीं। इस पर ट्रक ड्राइवर भड़क गया। प्रवर्तन टीम उसे दही थाने लेकर पहुंची और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रवर्तन टीम का कहना है- ट्रक चालक शराब के नशे में था और नियमों का उल्लंघन कर रहा था। वहीं, ड्राइवर का आरोप है कि उसे जबरन रोका गया और उसके साथ मारपीट की गई। एआरटीओ प्रवर्तन प्रतिभा गौतम के अनुसार, शनिवार रात 9:00 से 9:30 बजे के बीच वह टीम के साथ दही थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री के पास ओवरलोडिंग की जांच कर रही थीं। वे अपनी सरकारी गाड़ी में बैठी थीं। टीम के अन्य सदस्य आने-जाने वाली गाड़ियों को रोककर चेक कर रहे थे। टीम ने 5 ओवरलोड ट्रकों को रोका। ओवरलोड की जांच कराने के लिए पांचों ट्रकों को एक धर्मकांटा पर ले जाया गया। धर्मकांटे पर वजन के दौरान एक ट्रक का जीपीएस लॉक हो गया। इसकी वजह से वह वहीं खड़ा हो गया। तभी पीछे खड़े ट्रक चालकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इनमें से कुछ नशे में धुत थे। सिपाही ने एक ट्रक चालक का कॉलर पकड़ लिया, तो वे बीच-बचाव करने पहुंची थीं, लेकिन ट्रक ड्राइवर मोबाइल से वीडियो बनाते हुए उनसे भी अभद्रता करने लगा। वह खुद को सोशल मीडिया का इन्फ्लुएंसर बताते हुए अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा। इसलिए उसे हिरासत में लेकर दही थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया।

थाना प्रभारी ने बोले- तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई दही थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा- र शनिवार देर रात मामला थाने पहुंचा था। लेकिन अब तक हमें अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर बी मोहल्ले में 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कंचन नगर बी निवासी रामविलास शर्मा की पुत्री साक्षी शर्मा (17) अपने घर के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में गई थी। कुछ समय बाद जब वह नीचे नहीं आई, तो उसकी मां बीना शर्मा उसे देखने कमरे में पहुंचीं। वहां साक्षी छत के पंखे के कुंडे से फांसी के फंदे पर लटकी मिली। बेटी को इस हालत में देखकर मां की चीख निकल गई, जिसके बाद घर के अन्य सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने तुरंत फंदा काटकर किशोरी को नीचे उतारा। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए कानपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिंदा नगर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। किशोरी की मौत की खबर से पिता रामविलास शर्मा और भाई सचिन सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले में भी शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या के पीछे कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। परिजनों ने भी किसी प्रकार की आशंका व्यक्त नहीं की है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' फेज-05 अभियान के तहत रविवार को थाना बारासगवर पुलिस टीम ने क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीम ने गाँव-गाँव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत बालिकाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112 और 1076 के बारे में बताया गया। टीम ने अपील की कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न पर चुप्पी न साधें और निर्भीक होकर पुलिस की मदद लें। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान पुलिस कर्मियों ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के पंपलेट भी वितरित किए। टीम ने स्पष्ट किया कि पुलिस सदैव महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है और किसी भी समस्या पर तत्काल विभागीय नंबरों पर सूचना देने की सलाह दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और युवतियां मौजूद रहीं।

## लोन नदी के पुल से गिरकर युवक की मौत मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थानाक्षेत्र के गांव भैरमपुर निवासी बच्चन लाल (42) पुत्र मनोहर की लोन नदी के पुल से गिरकर मौत हो गई। रविवार सुबह नदी किनारे उसका शव पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पी एम हेतु भेजा है बच्चन लाल खेती करता था। भतीजे राम चंद्र ने बताया कि शनिवार की रात को घर से बिना बताए निकले लेकिन वापस नहीं लौटे। रात में आसपास खोजबीन की की लेकिन पता नहीं लगा। रविवार सुबह घर से करीब 1 किमी आगे लोन नदी के किनारे उनका लहूलुहान हालत में शव पड़ा मिला। भतीजे ने बताया कि बच्चन लाल को मिर्गी का दौरा पड़ने की बीमारी थी। हो सकता है दौरा आने के चलते नीचे नदी में गिर गया हो। सूचना पर पहुंची पुलिस 100 बेड अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी रामा देवी, बेटी मुस्कान व गोलू, बेटा आयुष का रो रो कर बुरा हाल था। एसओ राहुल सिंह ने बताया परिजनो ने मिर्गी का दौरा पड़ने की बात बताई है। पुल से गिरकर युवक की मौत हुई है। कोई आरोप नहीं है।

# गंगा नदी का बढ़ा जलस्तर सब्जियों की फसलें हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से तटीय किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नदी किनारे रेती पर उगाई गई सब्जियों की फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पिछले दो दिनों में जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण कई बीघे में फैली फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। ककड़ी, खीरा, लौकी और तोरई जैसी मौसमी फसलें पानी में डूब गई हैं। ये फसलें किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत थीं और उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। बड़ी संख्या में किसान हर साल गंगा तट की रेतीली जमीन पर सब्जियों की खेती करते हैं।किसानों का आरोप है कि जलस्तर बढ़ने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिसके कारण वे अपनी फसल या कृषि उपकरण सुरक्षित नहीं कर सके। उनकी फसलें कटाई के करीब थीं और बाजार में बेचने की तैयारी चल रही थी। अचानक आई इस आपदा ने उन्हें गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। कई किसानों ने लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया है। स्थानीय किसानों ने बताया कि रेती की खेती में बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च आता है, जिससे इसकी लागत अधिक होती है। फसल बर्बाद होने से उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, गंगा के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी अक्सर ऊपरी बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण होती है। हालांकि, समय रहते सूचना न मिलने से हर साल किसानों को ऐसा नुकसान झेलना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से पूर्व चेतावनी व्यवस्था को मजबूत करने की भी अपील की है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर खंती में गिरा चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। शनिवार देर शाम हाजीपुर और बरधना गांव के बीच एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे गहरी खंती में जा गिरा, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रूपानी खेड़ा गांव निवासी अशोक वर्मा (35) पुत्र राम नरेश वर्मा के रूप में हुई है। अशोक पेशे से चालक थे। शनिवार देर शाम जब वह ट्रैक्टर लेकर हाजीपुर और बरधना गांव के बीच से गुजर रहे थे, तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरा। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अशोक को तुरंत अस्पताल भिजवाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मृतक अशोक वर्मा अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य के निधन से परिजनों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे खंती गहरी होने के कारण ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के इंतजाम मजबूत करने और खतरनाक स्थानों पर संकेतक लगाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की गहन जांच में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत हुवा कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड फतेहपुर चौरासी में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 6 से 8 तक) के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान विषय पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत पेसारी के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव का नाम रोशन किया। प्रीति चौरसिया (पुत्री अनुराग चौरसिया, कक्षा 8) एवं मयंक चौरसिया (पुत्र रामदास चौरसिया, कक्षा 7) ने राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।इस उपलब्धि पर ग्राम प्रधान कमलकिशोर यादव द्वारा होनहार बच्चों को ट्रॉफी, डायरी, पेन, ज्योमेट्री बॉक्स सहित आवश्यक शैक्षिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया तथा



उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनुराग कुमार पांडे, हरिश्चंद्र, मोहम्मद ताहिर, वंदना यादव एवं रितु कुशवाहा (शिक्षामित्र) सहित सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे ।

# युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में एक युवती ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवक पर दहेज की मांग और मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौला बाकीपुर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार रावत ने बताया कि उनकी बहन का पिछले करीब दो वर्षों से एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। दोनों के परिवारों के बीच शादी की बात चल रही थी और परिवार इस रिश्ते के लिए राजी भी हो गया था। युवक रिश्तेदारी में ही बुआ की ननद का बेटा बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि शादी की बातचीत आगे बढ़ने के दौरान युवक ने दहेज में कार, सोने की चेन और नकद धनराशि की मांग की। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह मांग पूरी करना संभव नहीं था। युवती ने युवक को अपनी मजबूरी बताई, जिसके बाद उसे कथित तौर पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। सुरेंद्र ने बताया कि कुछ समय पहले युवक युवती को पूर्णागिरी ले गया था, जहां दोनों दो-तीन दिन साथ रहे। वापस घर चलने की बात पर युवक ने कथित रूप सेवापस घर चलने की बात पर युवक ने कथित रूप से दोबारा दहेज की मांग दोहराई और कहा कि सामान मिलने के बाद ही वह उसे अपने साथ ले जाएगा। इस घटना के बाद युवती काफी तनाव में रहने लगी थी। परिजनों का आरोप है कि लगातार मानसिक दबाव और प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजन आरोपित युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आरोपों की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट पांच घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सिरधरपुर गांव में रविवार सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जिनमें मां और उसकी दो बेटियां शामिल हैं। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने चार लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। गांव निवासी अरबी हसन ने आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर वर्षों से कूड़ा डालते आ रहे हैं। रविवार सुबह विपक्षी पक्ष के लोग उनके घर आए और डंडों से हमला कर दिया। जब अरबी हसन ने विरोध किया, तो विपक्षी पक्ष ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला किया। बेटे को पिटता देख अरबी हसन की मां सुबरातन और बहनें शबीना व मुसाना बचाने दौड़ीं। इसके बाद 10 वर्षीय बेटा अहमद रजा भी उन्हें बचाने का प्रयास करने लगा, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने इस पूरी वारदात का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में हमलावर मां, बेटी और बेटे पर हमला करते साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भूमि विवाद के चलते गांव में अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के पासा खेड़ा गांव में एक महिला ने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान पासा खेड़ा निवासी 55 वर्षीय श्रीमती (पत्नी स्वर्गीय बुद्धि लाल) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह पिछले कई दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनका लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थीं। करीब दो वर्ष पूर्व उनके पति बुद्धि लाल का निधन हो गया था। इसके बाद से परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। मृतका के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। पति की मृत्यु के बाद से वह शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो गई थीं और अक्सर अपनी बीमारी को लेकर चिंतित रहती थीं।परिजनों ने बताया कि रात में सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह जब घर के लोग उठे तो महिला अपने कमरे में नहीं मिलीं। तलाश करने पर उनका शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

# पति-पत्नी के 13 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जयप्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया।





तदोपरान्त थाना पुरवा से 03, थाना गंगाघाट व थाना हसनगंज से 02-02 थाना आसीवन, थाना अचलगंज थाना बीघापुर, थाना कोतवाली सदर, थाना बांगरमऊ, थाना सोहरामऊ से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति पुलिस टीम से रीता, उपासना पाठक, धर्मेन्द्र, पूजा, अंजली, मीनू, नीतू,सीमा, ज्योति, सीता यादव, अल्का का विशेष योगदान रहा।

## श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बिछिया विकास खण्ड के ओरहर गाँव स्थित सिद्धपीठ मां साखो देवी मंदिर पर शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिला व पुरूषों के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। सिर पर गंगा जल आम पत्र व नारियल से सुसज्जित कलश लेकर महिलाओं के साथ पुरूषों ने भी यात्रा में प्रतिभाग किया। पीत वस्त्रों में महिलाएं व पुरुष शामिल थे। यात्रा साखो देवी मंदिर से होते हुए गाँव के देवी मंदिरों से गुजरकर कथा स्थल पर पहुचकर संपन्न हुई। कथा वाचक आचार्य प्रभात त्रिपाठी के नेतृत्व में आचार्यों ने वेदी पूजन किया। सायंकाल आचार्य ने भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान रमेश चौरसिया, बाबूलाल, शिव विनोद व जया शर्मा सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्त्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्त्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।




मुद्दा
अवधेश कुमार

मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरुसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए , ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरूमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राह्मिक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने



अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है।

ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे । ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इन 22 देशों में फ्रांस , ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा।

तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

राजनीति
अम्बरीष प्रजापति



# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार 'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जात है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समान नागरिक संहिता का गुजरात मॉडल

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### रामनवमी की शुभकामनाएं



देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। -**नरेंद्र मोदी**, पीएम

### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश मे चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत है तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते है। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। -**सुकांता मजूमदार**, केंद्रीय मंत्री

### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 मे अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र मे माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। -**पिनाराई विजयन**, सीएम केरल

### मेरा केरल पर फोकस



मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नही है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। -**शशि थरूर**, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

### रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा

रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं



## ऑफ बीट

### पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है।



## संक्षेप

### ट्रक-ट्रैक्टर टक्कर, चार घायल

**एक लखनऊ, दूसरा सुल्तानपुर रेफर; पुलिस ने यातायात सामान्य कराया**

अमेठी , बीती रात एक अनियंत्रित ट्रक ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दो गंभीर घायलों को लखनऊ और सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य कराया।यह घटना मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के अमेठी रोड स्थित लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर हुई। बीती रात एक लकड़ी लदा ट्रैक्टर सर्विस लेन से हाईवे पर चढ़ रहा था। इसी दौरान, गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक मुजाहिद अली (30 वर्ष, पुत्र शाहिद अली) और ट्रैक्टर पर सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। इनमें मोहम्मद जहीर (40 वर्ष, पुत्र जाबिर), इम्तियाज (25 वर्ष, पुत्र इश्तियाक) और वासिक (40 वर्ष, पुत्र रफीक) शामिल हैं। ये सभी जमुवारी, थाना मुसाफिरखाना के निवासी हैं।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वहां से मुजाहिद को केजीएमयू लखनऊ और जहीर को सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह में चार चोर पकड़े

**कार सवार शातिर चोरों से तमंचा, कारतूस और चोरी के उपकरण बरामद किए**

अमेठी , पुलिस को 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार सवार चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो तमंचे, सात जिंदा कारतूस और चोरी करने के उपकरण बरामद हुए हैं।यह घटना जायस थाना क्षेत्र की है। पुलिस को देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वैगनआर कार में चार संदिग्ध युवक घूम रहे हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस टीम ने गंगाराम पुरवा रोड के किनारे एक बाग से चोरी की योजना बनाते हुए इन चारों शातिर चोरों को धर दबोचा। गिरफ्तार चोरों की पहचान अरबाज पुत्र सूबेदार गुजर (निवासी अरशदपुर), हर्षित अग्रवाल पुत्र राजेश कुमार अग्रवाल (निवासी सेखाना), अक्षय कुमार पुत्र कल्लू पासी (निवासी बक्शी) और शुभम सोनकर पुत्र राजकुमार सोनकर (निवासी कासिमपुर, थाना जायस) के रूप में हुई है। चोरों के पास से दो तमंचे, सात जिंदा कारतूस, एक सब्बल, रस्सी, टॉर्च, लोहे की आरी, पाना सहित भारी मात्रा में चोरी करने का सामान बरामद किया गया। पूछताछ में चोरों ने बताया कि वे सभी मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे ।

और चोरी से मिले पैसों को आपस में बांट लेते थे।उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे आज भी चोरी की योजना बनाकर निकले थे।

# शादाब हुसैन पाँचवीं बार मंडल अध्यक्ष, आनंद गुप्ता चौथी बार जिलाध्यक्ष

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार को नमन के साथ पत्रकार एसोसिएशन का शपथ समारोह सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा




बहराइच। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन बहराइच का ईदझहोली मिलन, शपथ ग्रहण, परिचय पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सभागार में जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की शुरूआत देशभक्ति से ओत-प्रोत उस भावुक क्षण से हुई जब संगठन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय लालता प्रसाद के पुत्र राम सेवक तथा महान सेनानी चहलारी नरेश बलभद्र सिंह के वंशज आदित्य भान सिंह का अंगवस्त्र व पुष्पवर्षा कर विशेष सम्मान किया। सभागार कुछ पल के लिए सम्मान, इतिहास और गर्व से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाँचवीं बार निर्वाचित मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन तथा विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष देवीपाटन मंडल सैयद अकरम सईद उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा व जिला महामंत्री दीप प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए परिचय पत्र वितरित किए। जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, जिन्हें चौथी बार नेतृत्व की जिम्मेदारी मिली है, ने सभी पत्रकारों को निष्पक्ष, स्वस्थ, निर्भीक एवं मिशन-प्रधान पत्रकारिता की शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती पत्रकार की सत्यनिष्ठा से ही संभव है, और संगठन पत्रकारों के अधिकारों व मयार्दा की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। मुख्य अतिथि शादाब हुसैन ने कहा कि पत्रकारिता कठिन दौर से गुजर रही है, लेकिन घबराने की बिलकुल आवश्यकता नहीं है; संगठन पत्रकारों की हर समस्या पर अब त्वरित एक्शन लेगा और किसी भी साथी को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। दूरदर्शन के वरिष्ठ पत्रकार जयचंद सोनी ने पत्रकारिता की गिरती विश्वसनीयता को समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए इसे सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सैयद अकरम सईद ने कहा कि संगठन की आत्मा आपसी एकता, तालमेल और अनुशासन में निहित है, जिसे सभी साथियों को बनाकर रखना होगा।जिला महामंत्री दीप प्रकाश श्रीवास्तव ने भी सभी पत्रकारों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की। कार्यक्रम को महेंद्र कुमार मिश्रा, आकाश जायसवाल, रशद महमूद, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव एवं अजमल शाह सहित कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

*इस अवसर पर देवीपाटन मंडल, बहराइच, नानपारा, कैसरगंज, महसी, श्रावस्ती व भिनगा क्षेत्र से सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।जिनमें आकाश जायसवाल, सुरेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार शर्मा, सुहेल यूसुफ, आफताब वारसी, मानस यज्ञसैनी, मंशाद अहमद, मोहम्मद बिलाल, विमल श्रीवास्तव, रमेश कुमार गुप्ता, मोहम्मद अनवार खान मोनू, सैयद नसीम रिजवी, रियाज अहमद, जगत मलिक, सीताराम गुप्ता, मुकेश टंडन, मोहम्मद सलीम, दिनेश यादव, नूर आलम वारसी, हरगोविंद पांडेय, छोटेलाल वर्मा, संजय अग्रवाल, गुलशन अवस्थी, अब्दुल कादिर (तहसील अध्यक्ष नानपारा), प्रमोद कुमार, असलम खान, अहमद हुसैन, रोहित कुमार श्रीवास्तव, अब्दुल माजिद, मोहम्मद इमरान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। समारोह के अंत में नए सदस्यों को फार्म वितरित किए गए तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हुई। कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की विरासत, पत्रकारिता की निष्ठा और संगठन की एकता—तीनों का अद्भुत संगम बनकर अविस्मरणीय साबित हुआ।*

# नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**नोडल शिक्षकों ने सीखा वंडर बॉक्स किट का प्रयोग**

**वंडर बॉक्स किट से बाल वाटिका के बच्चों की पढ़ाई होगी आसान**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। विकास क्षेत्र मिहींपुरवा अंतर्गत कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत नोडल शिक्षकों को एफएलएन वंडर बॉक्स किट प्रयोग की जानकारी दी गई।खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह के निर्देशन में ब्लांक संसाधन केंद्र मिहींपुरवा में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता सुनील कुमार एवं एआरपी प्रदीप नारायन सिंह ने प्रतिभागियों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्राविधानों तथा वंडर बॉक्स किट प्रयोग की जानकारी दी।खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षित नोडल शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा वंडर बॉक्स किट प्रयोग के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी।उन्होंने बताया कि वंडर बॉक्स किट, आईआईटी गांधीनगर गुजरात द्वारा तैयार किया गया है, इसमें 19 प्रकार की शैक्षिक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं ।वंडर बॉक्स किट में जानवरों, फल एवं सब्जियों की पहचान, वर्ण माला, संख्या पहचान, सुडोकू पहेलियां, अंकीय तथा भाषाओं का ज्ञान, रंगों की पहचान आदि के बारे में जानकारी दी गई है।उन्होंने बताया कि बाल वाटिका में वंडर-बॉक्स के प्रयोग से बच्चे पठन-पाठन में विशेष रूचि लेंगे और बाल वाटिका आने के लिए प्रेरित होंगे।

# आयोजित किया गया नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा विधानसभा के ग्राम पंचायत भौखारा के प्रांगण में समाजसेवी शिवेंद्र ठाकुर के द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिवेंद्र ठाकुर जी द्वारा लगातार क्षेत्र में चिकित्सा शिवरो का आयोजन किया जाता रहा है इस चिकित्सा शिविर में लगभग 85 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चश्मे और दवा का वितरण किया गया। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग से 150 रोगियों को देखा गया समाजसेवी शिवेंद्र ठाकुर द्वारा आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।समाज सेवी द्वारा कहा गया कि आगे आने वाले समय में बृहद रूप से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाएगा उनके द्वारा कहा गया कि लोगों की सेवा करना ही हमारा धर्म है और मैं सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ आए



हुए सभी लोगों ने समाजसेवी के द्वारा किए गए आयोजन के लिए धन्यवाद कहा।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला, लव शुक्ला , विक्की यादव, लीला धर पांडेय, माधुरी पांडेय, महेश तिवारी, अवधेश गुप्ता, धर्मेंद्र कश्यप शोभा कश्यप ग्राम प्रधान मनीराम यादव व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन तेज, टायर जलाकर जताया आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के राजनीति में परिवर्तन होते ही तूफान खड़ा हो गया है।नेपाल में जी एन जी आंदोलन के पश्चात बड़े राजनीतिक बदलाव के परिणामस्वरूप काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह के नेपाल के प्रधानमंत्री बनते ही जी एन जी आंदोलन की जांच करने के लिए कार्की कमेटी का गठन किया गया था।कार्की कमेटी के जांच रिपोर्ट सौंपते ही मौजूदा गृह मंत्री के आदेश पर नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली एवं तत्कालीन गृह मंत्री कांग्रेस पार्टी के नेता रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के विरोध में बांके जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई इसी बीच नेपालगंज में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है।कार्की आयोग की सिफारिशों के आधार पर की गई कार्रवाई के विरोध में विभिन्न स्थानों पर एमाले पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए।शनिवार को नेपालगंज के बीपी चौक पर प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर बालेन सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच




धक्का-मुक्की भी देखने को मिली।हालांकि, पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने आरोप लगाया कि संबंधित नेताओं की गिरफ्तारी राजनीतिक द्वेष से प्रेरित और अनुचित है।उन्होंने मांग की कि जब तक आरोपित नेताओं को रिहा नहीं किया जाता और जिम्मेदार पदाधिकारी इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।प्रदर्शन के कारण बीपी चौक से गुजरने वाला यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा।आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी की ओर से 29 मार्च को सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी।

# गौशालाओं में सुधार और देसी गाय को बचाने के लिए उठाई आवाज

**विहिप के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से की मुलाकात**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। गौशालाओं में गाय की दुर्दशा सुधारने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की टीम ने उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान के लिए आवाज उठाई है।विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने जिला पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय से मुलाकात कर गौशालाओं में गायों की दुर्दशा सुधारने उनके भोजन रहन-सहन की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के साथ ही घटती देसी गायों पर चिंता जताते हुए अवगत कराया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि गौशालाओं में गायों को हरा चारा के साथ ही उनके खाने-पीने का इंतजाम नहीं है और देसी गांव की संख्या में काफी गिरावट आ रही है इसी संबंध में मुख्य में मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश उपाध्याय से मिलकर समस्याओं को अवगत कराया गया है।उन्होंने जल्द समाधान का भी आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मिहींपुरवा हृदेश मौर्य ,प्रखंड गो रक्षा प्रमुख बलहा नीरज श्रीवास्तव ,नगर अध्यक्ष श्यामू यादव , जगन्नाथ सिंह राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# रुपईडीहा में नव दिवसीय राम कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच।आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में रविवार से नव दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत राम जानकी मंदिर रुपईडीहा से निकाली गई कलश शोभायात्रा के साथ हुई।यह शोभायात्रा स्टेशन रोड, नेशनल हाईवे 927, माल गोदाम रोड और बजाजा मार्केट होते हुए रुपईडीहा धर्मशाला पहुंची।कलश यात्रा में 51 महिलाओं ने सहभागिता कर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।राम कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा, जो आगामी 9 दिनों तक चलेगा। कथा वाचन अयोध्या की प्रसिद्ध कथावाचक मंजूलता द्वारा किया जा रहा है। अपने प्रथम दिवस के प्रवचन में उन्होंने कहा कि ह्लस्वर्ग किसी ने देखा नहीं है, लेकिन मनुष्य को ऐसे कर्म करने चाहिए जिससे उसे धरती पर ही स्वर्ग जैसा अनुभव हो सके।ह्वइस धार्मिक आयोजन का संचालन नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य, अनिल अग्रवाल उर्फ डब्बू भईया, नरेश मित्तल, संजीव अग्रवाल, बलराम मिश्रा, कृष्ण मोहन, रामचंद्र अग्रवाल एवं श्रीचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है।कार्यक्रम में सीताराम अग्रवाल, अनिल गुप्ता, पूरनमल अग्रवाल, अजय कुमार, संतोष कुमार, पार्वती वर्मा, विनोद कसौधन, सभासद नरेंद्र मदेशिया, मनोज प्रजापति सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक की हत्या की साजिश में पूर्व चेयरमैन दोषी

## अलीगढ़ में जमीन कब्जे की शिकायत पर हुआ था मर्डर, 28 मार्च को सजा

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ और उनके बेटे दिवाकर गौड़ की हत्या की साजिश रचने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है।एडीजे-11 अदालत ने खैर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल उर्फ बिंटू सहित 7 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा की तारीख नियत की गई है।

### प्रमोद गौड़ की शिकायत पर हटा था कब्जा

पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा कर रास्ता निकाला था। पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ की शिकायत पर प्रशासन ने यह कब्जा हटवा दिया।इसी का बदला लेने के लिए संजीव ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रमोद गौड़ और उनके पूर्व ब्लॉक प्रमुख बेटे दिवाकर गौड़ की हत्या का प्लान बनाया।

### 25 से 50 लाख की सुपारी, बुलंदशहर के गैंग से थी डील

पुलिस जांच और सर्विलांस साक्ष्यों में खुलासा हुआ कि संजीव अग्रवाल और विकास शर्मा ने राजकुमार जाट के जरिए बुलंदशहर के हिस्ट्रीशीटर शूटर गैंग को हत्या की सुपारी दी थी।पहले भी एक बार हमला हुआ था, लेकिन तब शूटरों ने गलती से प्रमोद गौड़ के करीबी विजय गंगल की हत्या कर दी थी।

### कोर्ट रूम से सीधे जेल भेजे गए दोषी

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीके जयंत ने संजीव अग्रवाल, विकास उर्फ बॉबी, राजकुमार, ओम नगर, सागर, तरुण त्यागी और रिंकू को दोषी माना है।फैसला सुनाते ही पुलिस ने पूर्व चेयरमैन और अन्य को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

### दो दोषी फरार, कोर्ट ने जारी किया वारंट

दोषी करार दिए गए रिंकू और आदेश सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थे। कोर्ट ने उनकी गैर-हाजिरी को गंभीरता से लेते हुए उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिए हैं। वहीं साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने 3 आरोपियों को बरी कर दिया है।

### 27 अगस्त 2022 को दर्ज हुआ था केस

पूर्व विधायक ने खुद को जान का खतरा बताते हुए खैर थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स के आधार पर 10 लोगों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की थी।

# भाजपा एमएलसी ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

**गोलीकांड के पीड़ित ने बचे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की, घर पर पुलिस तैनात**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, कल्याणपुर में 15 मार्च को हुए गोलीकांड ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है।भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं, जबकि पीड़ित ने शेष आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। कल्याणपुर निवासी जिलाजीत यादव ने अखंड नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनका गांव के अरविंद यादव पुत्र रामदीन यादव से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है।इसी विवाद के कारण 14 मार्च को गड्ढा खोदने से रोकने पर राणा अजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर मारपीट की और धमकी दी थी।पीड़ित परिवार के घर पर पुलिस बल तैनात है। शिकायत के अनुसार, अगले दिन राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह, अरुण सिंह, अमन यादव, आनंद यादव, अरविंद यादव, सतीश सिंह, अमित सिंह और हलचल तिवारी सहित कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया। हमलावर पिस्टल, रिवाल्वर और लाठी-डंडों से लैस थे।उन्होंने जान से मारने की नीयत से हमला किया और फायरिंग भी की।इस हमले में आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें से दो को लखनऊ रेफर किया गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने एसओ संत कुमार सिंह को निलंबित कर दिया था। पुलिस ने राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह, आदित्य सिंह, विक्कू सिंह उर्फ शिवा, अभिषेक प्रताप सिंह, रितिक राय, अजय प्रताप सिंह और संजीत यादव को गिरफ्तार किया। एसपी के निर्देश पर, फरार सभी आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।पीड़ित ने प्रशासन से शेष आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।सुरक्षा की दृष्टि से पीड़ित के घर पर पुलिस बल तैनात किया गया है।दूसरी ओर, भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने घटना के तुरंत बाद एक पत्र जारी कर राणा अजीत सिंह को निर्दोष बताया था।

# 248 पेट्रोल पंप, ज्यादातर में तेल खत्म

**अफवाहों के कारण खपत दोगुनी हुई, लोग भटकते रहे**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत सामने आई है।जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो गया है, जिसके कारण कई पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है।इससे आम जनता और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।जनपद में विभिन्न कंपनियों के लगभग 248 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें से अधिकांश इस समय ईंधन संकट का सामना कर रहे हैं।कई स्थानों पर ग्राहकों को लंबी कतारों में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे दैनिक आवागमन में बाधा आ रही है।




शहर के जगवती फ्यूल स्टेशन के मालिक देवव्रत मिश्रा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से कानपुर से पेट्रोल और डीजल के टैंकर नहीं पहुंच पाए हैं।उन्होंने कहा कि दोपहर तक उपलब्ध स्टॉक ग्राहकों को वितरित कर दिया गया था, लेकिन अब पूरी तरह खत्म हो चुका है, जिसके कारण पंप को बंद करना पड़ा।मिश्रा ने यह भी बताया कि अफवाहों के चलते लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं।इससे खपत सामान्य से दोगुनी हो गई है, जिससे संकट और गहरा गया है।पंप संचालकों ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।उम्मीद जताई जा रही है कि कानपुर से टैंकर पहुंचते ही स्थिति जल्द सामान्य हो जाएगी।

# शादी का झांसा देकर महिला सिपाही का किया यौन शोषण

**आरोपी समेत 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा, युवक पुलिस हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, रानीगंज थाना क्षेत्र में एक महिला सिपाही के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।2018 से रानीगंज थाने में तैनात महिला सिपाही की पहचान कस्बा रस्तीपुर निवासी सोनू उर्फ वीर बहादुर से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और यह संबंध प्रेम में बदल गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया और इसी भरोसे पर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला सिपाही ने बताया कि वह आरोपी के घर भी आती-जाती रही और दोनों के बीच शादी को लेकर बातचीत भी चलती रही।लेकिन जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी के परिवार और करीबी लोगों से मदद मांगी, लेकिन सभी ने उसे दुत्कार कर भगा दिया। पीड़िता ने पहले थाने स्तर पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ वीर बहादुर, एक अज्ञात साथी, उसकी मां, बहन, मामा, जीजा तथा दो अन्य करीबी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। अब शादी से इनकार के बाद यह मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### किस्त जमा कराने के बहाने 23 हजार की ठगी

**बाइक की किस्त जमा कराने के नाम पर फ्रॉड का दावा, पुलिस ने शुरू की जांच**

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र की माता कॉलोनी में किस्त जमा कराने के बहाने 23 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित खालिद ने दिल्ली रोड स्थित एक होंडा एजेंसी से खरीदी अपनी मोटरसाइकिल की किस्तें जमा न होने और बाइक खराब हालत में लौटाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है ।खालिद ने कोतवाली में दर्ज शिकायत में बताया कि उसने अपनी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल किस्तों पर खरीदी थी। पारिवारिक समस्याओं के कारण उसकी दो किस्तें समय पर जमा नहीं हो पाई थीं। पीड़ित के अनुसार, 25 जून 2025 को शोरूम से जुड़े दो व्यक्ति उसके घर पहुंचे। उन्होंने बकाया किस्तें जमा कराने का आश्वासन दिया और उसकी मोटरसाइकिल अपने साथ ले गए। इसके बदले में उन्होंने खालिद से 23 हजार रुपये की मांग की। खालिद ने 30 दिसंबर 2025 को आरोपियों को 23 हजार रुपये का भुगतान किया, जिसका वीडियो सबूत भी उसके पास मौजूद है। हालांकि, आरोपियों ने न तो किस्तें जमा कराईं और न ही समय पर मोटरसाइकिल को सही हालत में वापस किया। जनवरी 2026 में जब बाइक वापस मिली, तो उसका पिछला टायर बदला हुआ था, पेट्रोल टैंक खाली था और उस पर 2000 रुपये का चालान भी कटा हुआ था। 26 मार्च 2026 को जब खालिद के पास फाइनेंस कंपनी का फोन आया कि उसकी रकम जमा नहीं हुई है, तब उसे ठगी का एहसास हुआ ।इसके बाद पीड़ित ने पैसे लेने वाले आरोपियों से संपर्क किया। इस पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए किस्तें जमा न कराने की बात कही। खालिद ने आज शुक्रवार को बागपत कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### छेड़छाड़ के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**युवती के परिजन और आरोपियों के परिवार में भड़की हाथापाई**

बागपत, जनपद के रटौल में छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दो लोग घायल हुए। दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। रटौल निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि समीर और दानिश नामक युवक उसके साथ लगातार छेड़छाड़ करते थे ।विरोध करने पर वे उसे और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देते थे। युवती ने यह मामला अपने पिता को बताया। इसके बाद उनके पिता शिकायत लेकर समीर के पिता के पास पहुंचे। समीर के घर पहुंचे परिजन और युवती के पिता के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते वहां मौजूद अन्य लोग भी शामिल हो गए और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष से समीर और दूसरे पक्ष से दिलशाद घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। थाने में तहरीर, मामला जांच के दायरे में घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल प्रभाकर केनतूरा ने बताया कि यह मारपीट का मामला है और इसकी जांच की जा रही है।

# विविधा की विधा में जमकर थिरके नौनिहाल

## धूमधाम से संपन्न हुआ विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे में संचालित एलपीडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया विविधा महोत्सव 2026 अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के हरदोई जनपद के मुख्य न्यायाधीश महेंद्र वर्मा जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर अशोक तपस्वी आदि ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया आयोजित कार्यक्रम का संचालन बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश अंतर्गत अमौली विकासखंड के परिषदीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा के शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा किया गया

### कश्मीर राजस्थान की




### संस्कृति का मंच पर अवतरण

कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए अतिथि अभिवादन किया इसके पश्चात नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने देश के अनेक प्रदेशों जैसे कश्मीर राजस्थान पंजाब हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश आदि की साहित्यिक शैली रूपरेखा तथा गीत संगीत प्रस्तुत करते हुए मौजूदा अभिवावकों दर्शकों को भाव विभोर कर दिया ₹आलू कचालू बेटा कहां गए थे ₹ घर मेरे पधारो पियों ₹ तेरी उंगली पकड़कर चला ओ मां ₹ मैया यशोदा तेरा कन्हैया तथा खई के पान बनारस वाला आदि अनेक गीतों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य करते हुए अद्भुत प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश महेंद्र वर्मा ने विद्यालय के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने संबोधन में कहा माता-पिता के पश्चात गुरु ही बच्चे की प्रथम श्रेणी होता है इसके सानिध्य में नौनिहाल के उज्जवल भविष्य के संवरने की आकांक्षा अभिभावक करता है बच्चों की देखे रेख अभिभावकों तथा शिक्षकों की प्राथमिकता है वहीं मुख्य अतिथि ने विद्यालय की शिक्षा दीक्षा से प्रसन्न होकर विद्यालय के संचालक प्रबंधक समेत सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना की उपस्थिति मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों अभिभावकों का विद्यालय के प्रमुख संचालक प्रमोद कुमार पाण्डेय प्रबंधक पूनम पाण्डेय तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भव्य सम्मान करते हुए सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक प्रमोद कुमार तिवारी राजेंद्र प्रसाद तिवारी मां दुर्गा पूजा कमेटी के उपाध्यक्ष मुकेश ओमर महेंद्र पाण्डेय नेमा पाण्डेय भाग्यालता शुभा मिश्रा अभिभावक आरती त्रिवेदी समेत भारी संख्या में विशिष्ट अतिथि अभिभावक व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# धूमधाम से संपन्न हुई कस्बे में कृषि एवं कृषक जागरूकता संगोष्ठी

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ वयोवृद्ध शिक्षक तथा बुजुर्ग हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत आर के रिजार्ट स्थान में भारत के महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में कृषि एवं कृषक जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी एवं जिला पंचायत पति बृजेश पटेल उर्फ गब्बर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उमराव समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर संस्था के पदाधिकारियों ने भव्य सम्मान किया संगोष्ठी अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का कैम्प लगाया गया जहां क्षेत्र के आए हुए सैकड़ो ग्रामीण मरीजों की जांच करते हुए निशुल्क दवा प्रदान की गई कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्रालय के सेवानिवृत्त जॉइंट डायरेक्टर डॉ ओम प्रकाश वर्मा डॉक्टर विजय सिंह डॉक्टर स्नेहलता उमराव डॉ अनिल वर्मा डॉक्टर जयप्रकाश वर्मा समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधन करते हुए स्वास्थ्य समेत अन्य बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की प्रांगण अंतर्गत समिति के पदाधिकारियों ने प्रांगण में मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर वर्मा सुरेंद्रनाथ उमराव भूतपूर्व सैनिक रामभरोंसे उमराव समेत अन्य कई वरिष्ठ बुजुर्गों को अंग वस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया ठीक इसी प्रकार पूर्व मंत्री रामकिशोर की सुपुत्री , महिला प्रकोष्ठ आदि को सम्मानित किया गया उमराव समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा महासचिव हरपाल उमराव आदि ने आए हुए मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर प्रधानाध्यापक अनिल उमराव शिक्षिका प्रतिमा उमराव प्रधान संघ उपाध्यक्ष संजय सिंह उमराव पूर्व अध्यक्ष अरविंद उमराव भूपेंद्र उमराव मनोज वर्मा शैलेंद्र प्रताप अनिल कुमार ललित वर्मा तथा समाजवादी पार्टी के जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजेंदर सिंह पटेल समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहें

# एक पेट्रोल पंप पर स्टॉक खत्म

**हापुड़ अड्डे के पंप पर दिक्कत, डीएसओ बोले- जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , हापुड़ अड्डा स्थित भारत पेट्रोल पंप पर अचानक पेट्रोल खत्म हो गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पंप प्रबंधन ने 'पेट्रोल नहीं है' का बोर्ड लगाकर स्थिति स्पष्ट की। पंप कर्मचारियों के अनुसार, सुबह ही पेट्रोल का स्टॉक समाप्त हो गया था। मथुरा डिपो से पेट्रोल की सप्लाई समय पर नहीं पहुंच सकी। कर्मचारियों ने बताया कि आम दिनों में पेट्रोल की गाड़ी मथुरा डिपो से आती है, लेकिन छुट्टी की वजह से इसमें देरी हुई। उन्होंने शाम तक सप्लाई वाहन पहुंचने की उम्मीद जताई, जिसके बाद पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू कर दी जाएगीहालांकि, शहर के अन्य पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य बनी हुई है और कहीं भी पेट्रोल की व्यापक किल्लत या लंबी कतारें देखने को नहीं मिलीं। जिला प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि मेरठ में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रशासन ने लोगों से घबराने या अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

हापुड़ अड्डा स्थित इस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म होने से कुछ समय के लिए वाहन चालकों को असुविधा हुई। हालांकि, प्रशासन और पंप कर्मचारियों के आश्वासन के बाद स्थिति जल्द सामान्य होने की उम्मीद है। जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह का कहना है कि जनपद में 220 पेट्रोल पंप हैं। पेट्रोल पंप पर स्टॉक हैं। किसी पर खत्म हुआ है तो उनकी गाड़ी डिपो में लगी हैं।

शहर में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। भारत पेट्रोलियम का डिपो मथुरा में होने की वजह से मेरठ गाड़ी पहुंचने में देरी हो जाती है।

# प्रकृति से जुड़ी है भारत की सभ्यता : राकेश जैन

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि गोरक्ष प्रांत की वार्षिक समीक्षा बैठक





अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर । भारत की सभ्यता प्रकृति से जुड़ी है सदियों से हम नदियों, पहाड़ की पूजा करते आए हैं प्रकृति की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है । यह बातें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय सह संयोजक राकेश जैन ने कही, वह मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की गोरक्ष प्रांत की वार्षिक समीक्षा बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में आई केरल की प्रलयंकारी बाढ़ तथा वर्ष 2013 में केदारनाथ की त्रासदी ने यह बता दिया कि यदि इसी तरह पेड़ों की अंधाधुंध कटान जारी रही तो एक दिन मानव अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जन-जन को जागरूक करना होगा और इसकी शुरूआत अपने परिवार से ही करनी होगी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शरद मिश्र ने कहा कि प्रकृति से हमें प्रेम करना होगा और प्रकृति का संवर्धन एवं संरक्षण करना होगा तभी मानव जीवन बचेगा । इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉक्टर बी बी गुप्ता, डॉक्टर पी.एन.सिंह एवं प्रोफेसर गोविंद पांडे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । प्रांत संयोजक संतोष कुमार दुबे ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जिला संयोजकों से वृत्त निवेदन की जानकारी ली प्रांत सहसंयोजक वीरेंद्र ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर शैक्षिक संस्थान के प्रमुख प्रोफेसर सत्यपाल सिंह, नारी शक्ति प्रमुख डा.स्मृति मल्ल, विभाग संयोजक युग्मेश उपाध्याय, जन संवाद प्रमुख राजनारायण त्रिपाठी,डॉ श्री प्रकाश सिंह, डॉक्टर प्रियंका गोस्वामी,डॉक्टर हरिकेश, छत्रपति शुक्ला, हिमांशु मिश्रा,शिवकुमार,सोनी सिंह, शोभित श्रीवास्तव,अर्चना सहित बहुत से लोग मौजूद रहे ।

# उधम सिंह के जेल से रिहा होने पर पुलिस अलर्ट

**मेरठ और वेस्ट यूपी में गैंगवार का खतरा बढ़ा, करीबियों पर भी रखी जाएगी नजर**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , वेस्ट यूपी का कुख्यात माफिया उधम सिंह करीब 4 साल 8 माह 5 दिन बाद जेल से जमानत पर रिहा हो गया है ।उन्नाव जेल से रिहाई के बाद पुलिस महकमा अलर्ट है ।पुराने गैंग के विवादों को देखते हुए वेस्ट यूपी में संभावित गैंगवार की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते मेरठ समेत आसपास के जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उधम सिंह की रिहाई के बाद उसके पुराने प्रतिद्वंद्वी गैंग सक्रिय हो सकते हैं। खासतौर पर योगेश भदौड़ा गैंग के साथ उसकी पुरानी दुश्मनी को देखते हुए किसी बड़ी वारदात की आशंका जताई जा रही है। यही वजह है कि सरधना सर्किल के करनावल, भदौड़ा और आसपास के गांवों में पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है। घर नहीं पहुंचा उधम सिंह रिहाई के बाद उधम सिंह अपने करनावल स्थित घर नहीं पहुंचा है। पुलिस को आशंका है कि वह उत्तराखंड या पंजाब में कहीं ठिकाना बना सकता है। उसकी लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है ।2021 में रंगदारी और धमकी का मामला उधम सिंह को 20/21 जुलाई 2021 को करनावल स्थित इंडियन बैंक शाखा में शाखा प्रबंधक गौरव राजपूत और स्टाफ को धमकाने और रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# पंपों पर डीजल पेट्रोल की कमी नहीं

**पंपों पर नहीं भीड़, वाहनों का इंतजार कर रहे कर्मचारी; डीएम ने एसोसिएशन को दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, यूपी के अलग-अलग जिलों में पेट्रोल और डीजल को लेकर पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें लगने की खबरें सामने आ रही हैं ।सोशल मीडिया पर भी लगातार अफवाहें फैलाने का प्रयास किया जा रहा है ।हालांकि, गाजियाबाद में पेट्रोल पंपों की स्थिति सामान्य बनी हुई है। दोपहर जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर हालात सामान्य रहे। मोदीनगर, मुरादनगर, दिल्ली रोड, हापुड़ रोड, आरडीसी, विजयनगर, लोनी और मसूरी क्षेत्रों में भी पेट्रोल पंपों पर भीड़ नहीं दिखी। शहर के कई इलाकों में पंप कर्मचारी खुद वाहनों का इंतजार करते नजर आए। कहीं भी लंबी लाइनें नहीं थीं और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रही। गाजियाबाद में हापुड रोड आरडीसी बस अड्डा और शहर के शहर के अलग-अलग स्थान पर पेट्रोल पंप पूरी तरह से सामान्य है। जिला आपूर्ति अधिकारी और पेट्रोल पंप संगठन के अध्यक्ष का कहना है कि सामान्य की तरह ही पेट्रोल पंपों पर लोग आ जा रहे हैं, किसी भी पेट्रोल पंप पर तेल की कमी नहीं है ।बस अड्डा के दो पेट्रोल पंप अपने निजीकरणों के चलते बंद हैं। आज रामनवमी की छुट्टी भी है।

### डीएम ने एसोसिएशन को दिए निर्देश

डीएम रविंद्र मांदड़ ने एक दिन पहले पेट्रोल पंप एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें डीएसओ अमित तिवारी और पेट्रोल पंप एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष विपिन शर्मा मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि कहीं भी अफवाह न फैलाई जाए। केन, बोतल और बिना वाहनों के पेट्रोल न दिया जाए। इसके लिए जिला आपूर्ति अधिकारी खुद मॉनिटरिंग करें।

# बॉडी बिल्डर ने खुद को चाकू मारकर दी जान

## मेरठ में भाई से फोन पर झगड़ा हुआ, गुस्से में जांघ पर वार किया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , एक बॉडी बिल्डर ने खुद को चाकू मारकर जान दे दी ।ट्रेनर अपने बड़े भाई इमरान से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान दोनों भाइयों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। कॉल कटते ही उसने घर में रखा चाकू उठाया। अपनी जांघ में तेजी से वार किया ।वार इतना तेज था कि चाकू सीधे जांघ को चीरते हुए अंदर नस को काटता चला गया। तेजी से खून बहने लगा। घरवाले उसे पास के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के ही ले गए ।जहां शाम 4 बजे युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची, तो परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार कर दिया। घरवाले मामले में पुलिस की कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं ।घटना इंचौली थानाक्षेत्र के लावड़ की है। लावड़ के रहने वाले अलीहसन के 6 बेटे थे। इसमें सबसे छोटे बेटे की 3 साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है ।5वें नंबर का बेटा सलमान था ।सलमान का लावड़ में ही अपना पोलेट्री फार्म है ।इसके साथ ही सलमान ( 28 ) बॉडी बिल्डर था ।4 साल पहले उसकी शादी मुजफ्फरनगर की आयशा से हुई थी ।उसके एक बेटा एक बेटी हैं ।एक ही घर में अलीहसन अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा काम से बाहर गया था। सुबह सलमान अपने कमरे में बच्चों के साथ लेटा था। पत्नी कमरे से बाहर कुछ काम कर रही थी। तभी सलमान की बात फोन पर अपने बड़े भाई इमरान से हो रही थी। बातों-बातों में भाइयों में किसी बात पर विवाद हो गया। झगड़े की वजह क्या थी ये कोई भी बताने को तैयार नहीं है।

### सबसे पहले पत्नी ने देखा तो चिल्लाई

इसके बाद सलमान ने घर में रखा चाकू उठाया और तेजी से अपनी जांघ में मार लिया। चाकू जांघ में गहराई तक लग गया। पूरे कमरे में खून फैल गया। सबसे पहले पत्नी आयशा ने पति को खून से लथपथ देखा। वो चिल्लाई, बाकी घरवालों को बुलाया। चीख सुनकर बाकी लोग भी कमरे में पहुंचे। देखा तो सलमान खून से लाल हो चुका था।

### अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा

घरवाले तुरंत घायल हालत में सलमान को पास ही एसडीएस ग्लोबल अस्पताल लेकर गए। जहां उसे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉक्टर शाम 4 बजे तक सलमान का इलाज करते रहे, लेकिन कट गहरा होने के कारण खून का रिसाव नहीं रुका। एक्सेस ब्लीडिंग के चलते शाम को सलमान ने दम तोड़ दिया।

### वैटलॉस कर बॉडी बनाने की वजह से सीधे नस में लगा चाकू

सलमान के दोस्तों ने बताया- सलमान को बॉडी बिल्डिंग का शौक था। वो अपने सोशल मीडिया पर भी इसी तरह के वीडियो शेयर करता था।

# बरौला गांव में गैस लीक से लगी आग

**तीन युवक झुलसे, सिलेंडर नहीं फटने से बड़ा हादसा टला**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला में एक मकान में खाना बनाते समय गैस लीक होने के कारण पाइप में आग लग गई। आग बुझाने का प्रयास करते समय तीन युवक मामूली रूप से झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। नोएडा के बरौला में किराए के मकान में रह रहे कुछ युवक खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक गैस पाइप लाइन से रिसाव होने लगा और देखते ही देखते उसमें आग लग गई ।आग लगने पर घर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग को बुझाने की कोशिश के दौरान अनु ( 19 ) पुत्र रामवीर, शिवम ( 18 ) पुत्र दुर्गेश और शनि ( 26 ) पुत्र रामविलास मामूली रूप से झुलस गए। तीनों मूल रूप से जनपद बदायूं के निवासी हैं और वर्तमान में बरौला गांव स्थित यामाहा बिहार इलाके में किराए पर रह रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना गैस पाइप लाइन में लीकेज के कारण हुई। राहत की बात यह रही कि सिलेंडर नहीं फटा, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# प्रतिमाएं तोड़ने के बाद पत्र आया सामने

**निगम के एक अधिकारी पर करीबी फर्म को ठेके देने का आरोप, नगर आयुक्त ने पत्र की जानकारी से किया इंकार**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , शहीदों की प्रतिमाएं बुलडोजर से खंडित किए जाने के बाद नगर निगम का पूरा तंत्र सवालों के घेरे में आ गया है। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वायरल पत्र में मुख्य रूप से नगर निगम के एक चर्चित अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। पत्र के अनुसार, जिस फर्म ने प्रतिमाओं को तोड़ा था, वह उस अधिकारी का करीबी है। आरोप है कि इसी फर्म को नगर निगम के नए भवन में फर्नीचर की आपूर्ति और लाइटिंग से संबंधित कार्य भी दिए गए। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि कई बार नियमों का उल्लंघन कर और अधूरे कागजात वाली फर्मों को भी ठेके दिए गए। आरोप है कि प्रतिमाएं तोड़ने के लिए जिस जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया था, उसे वर्कशॉप प्रभारी द्वारा लगाया गया था, और उसका ड्राइवर भी उसी अधिकारी का करीबी बताया गया है। इसी कारण उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, नगर आयुक्त ने वायरल पत्र की जानकारी होने से इनकार किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जिस फर्म से संबंधित व्यक्ति पर आरोप लगाए गए हैं, उसका अपर नगर आयुक्त से कोई रिश्तेदारी संबंध नहीं है। पत्र की सत्यता की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। नगर आयुक्त डाक्टर विपिन मिश्रा ने बताया कि फर्म को ब्लैक लिस्टेड किया गया था। जानकारी मिली है कि नये भवन में फर्नीचर सप्लाई का काम दिया गया है लेकिन अब तो वह ब्लैक लिस्टेड है। उन्होंने कहा कि वायरल पत्र की उनको कोई जानकारी नही है।

# नोएडा में बिल्डिंग में लगी भीषण आग

**फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों ने तीन घंटे में पाया काबू, लाखों का सामान जला**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,थाना सेक्टर-49 क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास स्थित विशाल मेगा मार्ट में सुबह करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरी मंजिल तक पूरी बिल्डिंग इसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई ।सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के लिए करीब 15 दमकल गाड़ियों को लगाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब तीन घंटे के बाद आग पर नियंत्रण पाया। आग की लपटें और धुआं काफी दूर से दिखाई दे रहा था, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है ।हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आग की वजह से बिल्डिंग में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मार्ट खुला नहीं था। ऐसे में न तो यहां कोई स्टॉफ था और न ही ग्राहक ।ऐसे में बड़ा हादसा होने से टल गया।

# सोन नदी तट पर स्वच्छता अभियान, लोगों को दिलाई गई स्वच्छता शपथ

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत शनिवार को वन विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत गोठानी स्थित सोमनाथ मंदिर घाट, सोन नदी तट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, स्थानीय ग्रामीणों एवं अधिकारियों की सहभागिता से घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी महेन्द्र गौतम ने उपस्थित लोगों को नदियों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल स्त्रोत न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि नदियों को प्रदूषण से बचाया जाए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा सकता है। अभियान के दौरान सोन नदी के किनारे जमा कचरे को हटाया गया और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखें और नदियों में कचरा न डालें। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कम्पोजिट विद्यालय चोपन में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता, जल संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है और इसके लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान धर्म ने भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# कामदा एकादशी पर श्रद्धालुओं को शरबत वितरण



अमन लेखनी समाचार

झांसी। एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव द्वारा कामदा एकादशी के पावन अवसर पर श्री श्याम शक्ति धाम खाटू श्याम करगुआ जी मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं को शरबत वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली और सभी ने प्रसाद स्वरूप शरबत ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, टांडा मंडल मीडिया प्रभारी रोहित झा, ज्ञान सिंह यादव, राकेश यादव, कुलदीप यादव, रेवन, मानवेंद्र कुशवाहा, राहुल यादव, अनिल पाल, डॉ. धर्मेंद्र यादव (उडैना), सोनू यादव, भूरे श्रीवास, चंचल यादव, सिद्धार्थ गौतम, राहुल तेंदोल, प्रकाश, श्री प्रकाश महाराज, प्रेम यादव, पालर साहब सिंह, उज्यान, मोहनलाल भारती, मानसिंह गौतम, साहब (डिमरोनी), यशवंत राजपूत, मुकेश गौतम सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना रहा।

# भाषा साहित्य संस्कृति और कला के संरक्षण और संवर्धन हेतु गूगल से जुड़ना जरूरी : नीरज शुक्ल

अमन लेखनी समाचार



बाराबंकी। अवध भारती संस्थान और भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय अवधी कार्यशाला के चौथे दिवस बाराबंकी स्थित श्री गंगा मेमोरियल गर्ल्स पी जी कॉलेज पैसार में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नीरज शुक्ला मुख्य कुलानुशासक के एम सी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा कि अवधी भाषा साहित्य संस्कृति और कला के संरक्षण तथा संवर्धन हेतु गूगल से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने भारतीय भाषा संस्थान मैसूर तथा अवध भारती संस्थान द्वारा अवधी को गूगल की भाषा बनाए जाने हेतु किए जा रहे संयुक्त प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि के एम सी विश्वविद्यालय अवधी को विषय के रूप में पढ़ाने वाला भारत का पहला विश्विद्यालय बन गया है। मुख्य वक्ता डॉ सत्येन्द्र कुमार अवस्थी समन्वयक भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक ने अपने सम्बोधन में कहा अवधी उत्तर भारत की प्रमुख भाषाओं में है अवधी भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला अवध की पहचान है। अवधी गूगल की भाषा बने ये हम लोगों का प्रयास है। अध्यक्षता करते हुए मुख्य संयोजक डॉ रामबहादुर मिश्रा अध्यक्ष अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश ने कहा कि अवधी को बचाना है तो सबको अवधी बोलना, अवधी पढ़ना, अवधी लिखना चाहिए। भाषा का संवर्धन और संरक्षण लेखन और बोलने से होता है। उन्होंने अपने द्वारा अड़तीस साल पूर्व शुरू किए गए अवधी अभियान पर गर्व व्यक्त किया और भारतीय भाषा संस्थान के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। श्री मिश्र ने के एम सी भाषा विश्वविद्यालय में इसी सत्र जुलाई से अवधी को विषय के रूप में पढ़ाये जाने वाले स्नातक पाठ्यक्रम में लोगों से प्रवेश लेने की अपील की। उक्त कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि डॉ ओंकार नाथ द्विवेदी सेवानिवृत्त प्रवक्ता सन्त तुलसी दास पी जी कॉलेज सुल्तानपुर, डॉ दिनेश कुमार सिंह, शैक्षिक समन्वयक वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय, डॉ विनय दास ने भी विचार व्यक्त किए। स्वागत डॉ विनय दास ने तथा संचालन प्रदीप सारंग ने किया। आँखें फाउण्डेशन की ओर से सुनील वर्मा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सदानन्द वर्मा, रमेश चन्द्र रावत, राम किशुन यादव, एड रजत बहादुर वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, डॉ कुमार पुष्पेन्द्र आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

खास समाचार

## भक्ति और श्रद्धा का संगम–नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र): स्थानीय दुधहिया देवी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शनिवार को पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां बीजपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह कन्या पूजन एवं हवन-पूजन का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इसके उपरांत भंडारे की शुरूआत हुई, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। भक्तों की लंबी कतारें और ₹जय श्रीराम₹ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास ने कहा कि नौ दिवसीय अनुष्ठान के पश्चात भंडारे का प्रसाद ग्रहण करना अत्यंत पुण्यदायक होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के महत्व से अवगत कराते हुए इसे श्रद्धा पूर्वक ग्रहण करने का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने हर श्रद्धालु के मन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

# गुरसराय में विद्युत तार की चिंगारी से भीषण आग, दर्जनों किसानों की फसल जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय। रविवार सुबह लगभग 11 बजे क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कस्बा के एरच रोड स्थित सिद्धन के पास विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण खेतों में भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और एक दर्जन से अधिक किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार आग की शुरूआत मातादीन के खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से निकली चिंगारी से हुई। इसके बाद आग तेजी से फैलते हुए किसान नारायण दास, ठाकुरदास, रामप्रकाश, वहीद, महबूब, रामदास, सुमेश समेत कई किसानों के खेतों को अपनी चपेट में लेती चली गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आग की भयावह लपटों और घने धुएं के कारण सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर नाराज किसानों ने एरच-गुरसराय मार्ग को जाम करने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं पुलिस बल ने किसानों को समझाकर शांत कराया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आग बुझाने के लिए नगर पालिका द्वारा पानी के टैंकर भेजे गए। वहीं गरौठा, टहरौली और मोठ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उपजिलाधिकारी के अनुसार इस घटना में लगभग 15 हेक्टेयर गेहूं की फसल जल गई, जिससे करीब दो दर्जन किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है और किसानों को सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# मिश्री गांव में लगने वाला प्रसिद्ध बेचू वीर धाम मेला रामनवमी से शुरू

अमन लेखनी समाचार



कोन सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के कोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिश्री स्थित प्रसिद्ध आस्था केंद्र बेचू वीर धाम में लगने वाला पारंपरिक मेला इस वर्ष भी चैत मास के रामनवमी से प्रारंभ होकर एकादशी तक आयोजित होगा। यह मेला वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचकर दर्शन-पूजन करते हैं। क्षेत्र में इस मेले को लेकर अभी से तैयारियां और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों और धाम समिति के लोगों के अनुसार, बेचू वीर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां लोगों की गहरी धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने और मन्नत मांगने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि मेले में सिर्फ सोनभद्र ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। चैत मास में लगने वाला यह मेला रामनवमी से शुरू होकर लगातार एकादशी तक चलता है। मेले के दौरान धाम परिसर में पूजा-पाठ, हवन, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, झंडा चढ़ाने की परंपरा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही मेले में मिठाई, खिलौने, घरेलू सामान, श्रृंगार सामग्री और खान-पान की कई दुकानें भी लगती हैं, जिससे मेले का माहौल और भी आकर्षक हो जाता है। बच्चों और महिलाओं में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला साल में दो बार लगता है। पहला मेला चैत मास के रामनवमी से एकादशी तक और दूसरा मेला कार्तिक मास में नवमी, दशमी और एकादशी तक आयोजित होता है। दोनों मेलों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और धाम में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मेले के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है और कई गांवों के लोग सामूहिक रूप से दर्शन करने पहुंचते हैं। मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और शांति व्यवस्था के भी प्रबंध किए जाते हैं। वहीं ग्राम प्रधान, मेला समिति और ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों का कहना है कि बेचू वीर धाम का मेला वर्षों से चला आ रहा है और यह क्षेत्र की पुरानी परंपरा और आस्था का प्रतीक है। हर वर्ष मेले में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे यह मेला क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक मेलों में गिना जाता है। चैत मास के मेले को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह है और लोग मेले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# अपराध नियंत्रण पर सख्ती, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

बस्ती, कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी दिशा देने के उद्देश्य से शनिवार को बस्ती स्थित सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बस्ती परिक्षेत्र श्री संजीव त्यागी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर जनपदों के पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान डीआईजी ने लंबित एवं आंशिक विवेचनाओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि निरोधात्मक कार्रवाई को बढ़ाते हुए गैंगस्टर, वांछित, पुरस्कार घोषित तथा एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही चोरी एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस रणनीति अपनाने को कहा। डीआईजी ने गो-तस्करी पर सख्त रोक, रात्रिकालीन गश्त व सघन चेकिंग को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। महिला अपराधों तथा एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। साइबर अपराधों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए जनपद स्तर पर साइबर एक्शन प्लान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने, संदिग्ध मोबाइल/आईएमईआई नंबरों को अधिकाधिक ब्लॉक कराने और मोबाइल रिकवरी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीएनएस, आईजीआरएस, एनसीआरबी, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, जेएमआईएस समेत विभिन्न पोर्टलों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

# गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए 6695 रुपये साइबर टीम ने कराए वापस

अमन लेखनी समाचार



कोन (सोनभद्र)। थाना कोन की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुई धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार ग्राम खरौंधी निवासी नीरज कुमार पुत्र अमेरिका प्रसाद ने अनजाने में 6695 रुपये किसी अज्ञात बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए थे। पैसे ट्रांसफर होने के बाद जब उन्हें गलती का अहसास हुआ तो उन्होंने थाना कोन में शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना कोन साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। साइबर टीम ने संबंधित बैंक से पत्राचार कर ट्रांसफर हुई धनराशि को होल्ड कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराते हुए कुल 6695 रुपये पीड़ित के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिए। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों एवं साइबर टीम का आभार व्यक्त किया और उनके कार्य की सराहना की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या गलत ट्रांजेक्शन हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाना, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

# कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग पर जोर, एनटीपीसी रिहंद में राजभाषा समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी रिहंद में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चौथी तिमाही बैठक समिति अध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना प्रमुख) संजय असाटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग और उसके प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संजय असाटी ने कहा कि हिन्दी एक सहज, सरल एवं सुग्रा भाषा है, जिसका उपयोग हमें अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में प्राथमिकता के साथ करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक तिमाही में ऐसी बैठकों का आयोजन किया जाता है, ताकि हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि रिहंद परियोजना क क्षेत्र में आती है, इसलिए राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यालयीन कार्य हिन्दी में किया जाना आवश्यक है। साथ ही, परियोजना की स्थानीयता को देखते हुए आम जनमानस की भाषा में संवाद स्थापित करना भी जरूरी है। उन्होंने तकनीकी युग में भाषायी बाधाओं के कम होने का उल्लेख करते हुए हिन्दी में कार्य करने पर गर्व महसूस करने की बात कही। बैठक के प्रारंभ में मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोयपाई ने संजय असाटी का पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद कार्यसूची के विभिन्न बिंदुओं पर क्रमवार गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हिन्दी पत्राचार को बढ़ावा देने, सभी विभागों में हिन्दी में कार्य करने, राजभाषा समन्वयकों की नियुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन पवन कुमार मिश्र, प्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य-सचिव ने किया। अध्यक्षीय संबोधन और सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श के उपरांत बैठक सम्पन्न हुई।

# डीजल-पेट्रोल की जमाखोरी पर सख्त चेतावनी, दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई- जिलाधिकारी

**डीजल पेट्रोल के सम्बन्ध में भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार किये जाने की गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी सुनिश्चित– जिलाधिकारी।**

**जनपद में कानून व्यवस्था एवं जनहित को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी सुनिश्चित– जिलाधिकारी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, साथ ही, कुछ तेल कंपनियों द्वारा क्रेडिट सुविधा समाप्त किए जाने के कारण कुछ पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा भुगतान न करने के चलते तेल की आपूर्ति न मिलने से कुछ पेट्रोल पम्पों के ड्राई होने की शिकायतें भी सामने आई हैं जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में कुछ डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट द्वारा कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर जनपद में प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न की जा सकती है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट संचालकों एवं जनसामान्य से अपील की है की जाती है कि किसी भी दशा में डीजल व पेट्रोल की अनावश्यक जमाखोरी न करें तथा किसी प्रकार की जमाखोरी में संलिप्त न रहें। साथ ही किसी भी प्रकार का भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार न करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक 27.03.2026 को हीरालाल पुत्र इनरदेव, निवासी ग्राम चौनपुरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) द्वारा डीजल का अवैध परिवहन कर बिहार राज्य में ले जाते समय जांच में मामला पकड़ा गया। प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई संपादित कराई गई है।

# पर्यटन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा व विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक



**एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा, सड़क सुरक्षा पर दिए गए जरूरी निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक पर्यटन सभागार में एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं स्कूली वाहनों के संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइवरों के लाइसेंस एवं वाहनों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एडीएम सिटी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि सभी वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुसार फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, जीपीएस एवं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। साथ ही ड्राइवरों एवं परिचालकों का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से कराया जाए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके सुधार, यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को सख्ती से लागू कराने तथा जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

# हिण्डालको रेणुकूट में भक्तिभाव से मनाया गया रामनवमी एवं संस्थापक दिवस

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम का जन्मदिवस-रामनवमी तथा हिण्डाल्को के संस्थापक स्व. बाबू घनश्यामदास जी बिड़ला का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया गया। हिण्डालको मनोरंजनालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के सी.ओ.ओ समीर नायक, विशिष्ट अतिथि स्मेल्टर हेड जयेश पवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं तथा मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रभु श्री राम तथा स्व घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया कार्यक्रम में गीतकार श्रीमती सुचेता भट्टाचार्या एवं उनकी टीम ने भजन को अपने सुमधुर स्वर में गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने भगवान श्री राम तथा स्व. घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**


**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## 'श्री बाबा नीब करौरी ...' का पोस्टर जारी, रिलीज तारीख भी आई

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा में पौराणिक कथाओं पर अब तक कई फिल्में बन चुकी हैं। आने वाले दिनों में रणबीर कपूर की 'रामायण' और ऋषभ शेट्टी की 'जय हनुमान' भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। इन्हीं परियोजनाओं के बीच फिल्म 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' को लेकर भी काफी चर्चा है जिसका पहला आधिकारिक पोस्टर अब जारी कर दिया गया है। फिल्म में मुख्य किरदार सुबोध भावे निभाएंगे जो मराठी सिनेमा के जाने-माने कलाकार हैं। इसका निर्देशन शरद सिंह ठाकुर ने किया है। अनीशा फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित, यह नीम करोली बाबा की बायोपिक है, जिसमें उनके जन्म से लेकर 1973 में महासमाधि तक की यात्रा दिखाई जाएगी।

लाइफ Style



## सारा

## 'धुरंधर 2' के बाद हाथ लगी नई फिल्म

रणवीर सिंह की 'धुरंधर' फ्रैंचाइजी में नजर आईं अभिनेत्री सारा अर्जुन खूब चर्चा बटोर रही हैं। फिलहाल 19 मार्च को 'धुरंधर 2' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है जिसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक रिपोर्ट में पता चला है कि 'धुरंधर 2' के बाद, सारा के हाथ एक नई परियोजना लगी है। इस खबर ने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। बताया जाता है कि इसमें उन्हें ईशान खट्टर के अपोजिट देखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर बेबी द्वारा समर्थित आगामी परियोजना में ईशान और सारा साथ काम कर रहे हैं।


हाल ही में, परियोजना की शूटिंग की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर लीक हो गई जिसके बाद से परियोजना की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता जोया अख्तर ने इसी दौरान एक रहस्यमयी पोस्ट साझा किया। लोगों का मानना है कि यह पोस्ट इसी परियोजना से जुड़ा होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह कर रहे हैं जो पहले फिल्म 'खो गए हम कहां' बना चुके हैं। फिलहाल, परियोजना से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। यह फिल्म होगी, सीरीज होगी या कुछ और, यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। दोनों कलाकारों के काम पर नजर डालें, तो ईशान को आखिरी बार फिल्म 'होमबाउंड' में देखा गया था।

हॉलीवुड मसाला



## हैरी पॉटर सीरीज का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सिर्फ एक फिल्म नहीं थी, बल्कि लगभग हर बच्चे के बचपन की यादगार साथी थी। एचबीओ इसी जादुई दुनिया को वेब सीरीज के माध्यम से वापस ला रहा है, जिसका ट्रेलर अब जारी हो चुका है। सीरीज मूल रूप से जे.के. रोलिंग की 7 किताबों पर आधारित है, जिसमें पूरी तरह से नए किरदारों को पेश किया गया है। इसके निर्देशन की कमान मार्क मायलोड ने संभाली है। सीरीज के नए 'हैरी पॉटर' के रूप में, डोमिनिक मैकलॉघलिन नजर आए हैं।




## 'आईजॉम्बी' की अभिनेत्री कैरी ऐन फ्लेमिंग का निधन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सीरीज 'आईजॉम्बी' और 'सुपरनेचुरल' जैसे शो से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री कैरी ऐन फ्लेमिंग का निधन हो गया है। उनके प्रतिनिधि के मुताबिक, 51 वर्षीय फ्लेमिंग ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ति थीं। 26 फरवरी को कनाडा के एक अस्पताल में अभिनेत्री को इस बीमारी के बारे में पता चला था। उनके निधन की खबर आने से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। फैंस सोशल मीडिया के जरिए अभिनेत्री के प्रति शोक संवेदना जाहिर कर रहे हैं। फ्लेमिंग के प्रतिनिधि ने उनके आखिरी पलों की जानकारी देते हुए कहा, अपने प्रियजनों की मौजूदगी में उन्होंने शांतिपूर्वक अपनी आखिरी सांस ली। कैरी को जानना हमारे लिए सौभाग्य की बात थी। वह एक खूबसूरत आत्मा, प्रेरणादायक और सबसे बढ़कर दयालु थीं। उनकी बहुत याद आएगी। अभिनेत्री ने निधन पर उनके सह-कलाकारों ने भी दुख व्यक्त किया है।



## नागबंधम की रिलीज डेट का हुआ ऐलान

**मुंबई।** पैन-इंडिया पौराणिक ड्रामा फिल्म 'नागबंधम' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। अभिनेता महेश बाबू ने 'महाशिवरात्रि' के शुभ अवसर पर इसका टीजर जारी किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब 'राम नवमी' 2026 के खास मौके पर फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया गया है। 'नागबंधम' का निर्माण अभिषेक पिक्चर्स और निक स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है, जबकि लेखन और निर्देशन अभिषेक नामा द्वारा किया गया है। निर्माताओं ने 'नागबंधम' का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख जारी की है। यह 3 जुलाई, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करने को उतरेगी। मुख्य अभिनेता विराट कर्ण हैं, जिन्होंने 'महादेव' का किरदार निभाया है।



## सल्लू की फिल्म में अनिल की एंट्री

**मुंबई।** सलमान खान निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह उच्च स्तर की एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें अभिनेता के साथ, नयनतारा की जोड़ी बनेगी। फिल्म का शीर्षक तया होना बाकी है। इन खबरों ने पहले से फैंस का उत्साह बढ़ाकर रखा है और अब एक नया अपडेट सामने आ गया है। बताया जाता है कि अभिनेता अनिल कपूर भी इस आगामी परियोजना का हिस्सा बन रहे हैं। खबर के मुताबिक, दिल राजू और पेडिपल्ली की आगामी फिल्म में पहले से 2 दमदार सितारे सलमान और नयनतारा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब इस परियोजना में अनिल की मौजूदगी भी शामिल हो गई है। वैसे तो निर्माताओं की ओर से अब तक किसी भी तरह की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

टीवी मसाला




## मल्लिका की धमाकेदार वापसी 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' में एंट्री

**मुंबई।** 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' अब और भी ग्लैमरस होने वाला है। खबर है कि इस बार शो में बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी अपनी चालें चलती नजर आएंगी। जैसलमेर के रेतीले धोरों के बीच शुरू हुई इस शो की शूटिंग और मल्लिका की एंट्री ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। मल्लिका पहले भी रियलिटी शोज में धमाल मचा चुकी हैं और अब एक बार फिर वो दर्शकों का दिल जीतने आ रही हैं।

### शो में मल्लिका की मौजूदगी पक्की

'द ट्रेटर्स इंडिया 2' की शूटिंग जैसलमेर में शुरू हो गई है। वेराइटी के मुताबिक, मल्लिका शो से जुड़ गई हैं और शूटिंग का हिस्सा बन चुकी हैं। पिछले महीने से मीडिया में मल्लिका के शो में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब साफ हो गया है कि वो इस 'धोखे और सस्पेंस' से भरे गेम का हिस्सा होंगी। पिछले दिनों खबर आई थी कि शो के होस्ट करण जौहर शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच चुके हैं।

### पिछली बार इस फिल्म में नजर आई थीं मल्लिका

लंबे समय से विदेश में रह रहीं मल्लिका एक बार फिर भारतीय स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार हैं। पिछली बार उन्हें साल 2024 में आई फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था। मल्लिका, जिन्होंने फिल्म 'मर्डर' में अपने बोल्ड अवतार से रातों-रात शोहरत हासिल की थी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ा नाम हैं। वो मशहूर पॉप आइकन ब्रूनो मार्स के साथ म्यूजिक वीडियो 'वॉट अ मैन' में भी नजर आ चुकी हैं। मल्लिका साल 2013 में अपने रियलिटी शो 'द बैचलरेट इंडियाः मेरे खयालों की मल्लिका' में नजर आई थीं, जहां उन्होंने अपना जीवनसाथी तलाशने की कोशिश की थी। वो 'नच बलिये' और 'बिग बॉस' जैसे शोज में भी बतौर मेहमान अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।

## 'मटका किंग' रिलीज के बीच विजय वर्मा बड़ी तैयारी में, इस खान दिन करेंगे धमाका

*मुंबई। विजय वर्मा ऐसे अभिनेता हैं जो लीक से हटकर हर बार कुछ नया करने में विश्वास रखते हैं। पिछली बार उन्हें मनीष मल्होत्रा की फिल्म 'गुस्ताख इश्क' में देखा गया, जिसमें उनके शायर वाले किरदार को खूब लोकप्रियता मिली थी। जल्द उन्हें फिल्म 'मटका किंग' में देखा जाएगा जो अप्रैल, 2026 में डिजिटल प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। हालिया अपडेट में पता चला है कि विजय एक और बड़ा धमाका करने वाले हैं जिसके लिए खास दिन चुना गया है।*

### जन्मदिन पर परियोजना का करेंगे ऐलान

बॉलीवुड सूत्र ने बताया, विजय की आगामी परियोजना के निर्माता उनके 40वें जन्मदिन आज 29 मार्च, 2026 पर सबसे बड़ी घोषणा करने के लिए तरह तैयार हैं। 'गुस्ताख इश्क' में प्रेमी के किरदार के बाद उनकी अगली भूमिका देखना रोमांचक होगा। इससे पहले, अभिनेता ने एक आगामी परियोजना को लेकर संकेत दिया था। उन्होंने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी से मिले एक कार्ड की तस्वीर साझा करते हुए लिखा था इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'




### निर्माताओं ने गुप्त रखी है परियोजना

रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल इस परियोजना से जुड़ी हर चीज को अभी गुप्त रखा जा रहा है। इसके अलावा यह वही परियोजना है जिसकी घोषणा विजय के जन्मदिन पर होगी इसके बारे में भी स्पष्टता नहीं है। ऐसे में आने वाला वक्त ही बताएगा कि अभिनेता अपने जन्मदन पर फैंस को क्या तोहफा देते हैं। फिलहाल विजय आगामी फिल्म 'मटका किंग' में व्यस्त चल रहे हैं, जिसकी कहानी 1960 के दशक के मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

## नेहा ने कहा नहीं शामिल हो रही 'द ट्रेटर्स इंडिया' में

**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया' का प्रीमियर 2025 में हुआ था जिसे खूब लोकप्रियता मिली। इस सफलता से खुश होकर निर्माताओं ने उसी वक्त दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया था जो इस साल अमेजन प्राइम वीडियो पर लौटेगा। शूटिंग शुरू हो चुकी है और इसी के साथ आने वाले प्रतियोगियों के अनुमानित नाम भी लोगों का ध्यान खींचने लगे हैं। एक नाम नेहा धूपिया का चर्चा में है, जिसपर अब खुद अभिनेत्री ने प्रतिक्रिया दी है। नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वह 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'न तो मैं गद्दार' हूं और न ही 'निर्दोष' मैं बस अपने काम पर व्यस्त हूं। इस पोस्ट से अभिनेत्री की किसी नई आगामी परियोजना को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' में नेहा के अलावा, बिपाशा बसु का



नाम भी चर्चा में था। टीओआई के मुताबिक, एक सूत्र ने बताया है कि अभिनेत्री किसी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। उन्होंने साफ मना कर दिया है। हालांकि, प्रतियोगियों में शालिनी पासी, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी, पारुल गुलाटी और अभिषेक मल्हान के नामों की पुष्टि हो चुकी है।

### आवारापन 2' के बाद 10 अप्रैल को अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' होगी रिलीज़

## अप्रैल में दर्शकों के लिए आ रहीं डकैत से लेकर भूतबंगला जैसी कई फिल्में

*मार्च का महीना धुरंधर 2 और टॉक्सिक जैसी बड़ी फिल्मों की वजह से खास बन गया है। मगर अप्रैल भी सूना नहीं रहेगा। अप्रैल के महीने में अक्षय कुमार से लेकर सलमान खान और राम चरण तक पर्दे पर वापस आने वाले हैं। इन दिग्गज सितारों की मोस्ट अवेटेड फिल्म अप्रैल में रिलीज हो रही है। चलिए आपको अप्रैल के फिल्मी कैलेंडर से रू-ब-रू करवा देते हैं। इसमें उन तमाम फिल्मों की जानकारी हम दे रहे हैं, जिनकी रिलीज की तारीख को मेकर्स ने खुद कंफर्म किया है।*

### इमरान हाशमी की आवारापन 2

अप्रैल महीने की शुरुआत दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाली है। पूरा नोस्टैल्जिया फील जो मिलने वाला है। इमरान हाशमी की सबसे ज्यादा पसंद की गई फिल्मों में से एक 'आवारापन' का सीक्वल आ रहा है। पिछले साल मार्च में ही इमरान हाशमी ने एक पोस्ट के जरिए ऐलान कर दिया था कि 'आवारापन' का सीक्वल 'आवारापन 2' 3 अप्रैल 2026 को बड़े पर्दे पर आएगी। विशेष भट्ट फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं और इसका निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। 29 सितंबर 2025 को इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई थी।




### अक्षय कुमार की भूत बंगला

'आवारापन 2' के बाद 10 अप्रैल को अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन कॉमेडी फिल्मों के बादशाह माने जाने वाले प्रियदर्शन कर रहे हैं। अक्षय के साथ साथ इस फिल्म में आपको वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, मिथिला पालकर और राजपाल यादव जैसे कलाकार अहम रोल में देखने मिलेंगे। दिवंगत एक्टर असरानी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

### सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान'

अप्रैल में रिलीज होने वाली सबसे बड़ी फिल्म सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' है। इसका निर्देशन अपूर्वा लखिया ने किया है और ये चीन और भारतीय सैनिकों की गलवान में हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म का हिस्सा चित्रांगदा सिंह भी हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों से कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ सकती है और इसे स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज करने पर सोचा जा रहा है। हालांकि फिलहाल कोई आधिकारिक ऐलान नही हुआ है।

### डकैतः एक प्रेम कथा

अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' भी 10 अप्रैल को ही रिलीज होगी। इस फिल्म की पहले दो बार रिलीज की तारीख बदली जा चुकी है। पहले ये 2025 में रिलीज होनी थी, पर अदिवि शेष को चोट लगने की वजह से इसे 19 मार्च 2026 के लिए खिसका दिया गया था। हालांकि बाद में 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' की टक्कर को देखते हुए मेकर्स ने रिलीज डेट आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। फिल्म में प्रकाश राज और अनुराग कश्यप भी दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन शेनिल डेओ ने किया है और ये हिंदी और तेलुगू में आएगी।

### 'गिन्नी वेड्स सनी 2'

अविनाश तिवारी और मेधा शंकर स्टारर फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' 24 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत झा ने किया है और लेखन भी उनका ही है। फिल्म का अभी कोई टीजर या ट्रेलर नहीं आया है। 12 फरवरी को मेकर्स ने इसका फर्स्ट पोस्टर जारी किया था। हालांकि ये छोटे बजट की फिल्म है, ऐसे में ये कोई बड़ा कारनामा करेगी, ऐसी उम्मीद कम ही है।

### राम चरण की 'पेद्दी'

अप्रैल महीने का अंत एक बड़ी फिल्म के साथ होगा। इसका नाम 'पेद्दी' है। ये 30 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में 'आरआरआर' फेम राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। इसका हिस्सा बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर भी हैं। पेद्दी एक तेलुगू फिल्म है जो जो हिंदी समेत कई भाषाओं में देशभर में रिलीज होगी। बुची बाबू सना इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। साथ ही एआर रहमान जैसे दिग्गज ने फिल्म में संगीत दिया है।